ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्षः 3 अंक : 265
मेरठ,गुरूवार, 25 जुलाई 2024
(पृष्ठः 6)
मूल्यः 2 रूपया

# दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार




हम इस एल्बम के जरिए एक-दूसरे को समझने...... 6
राष्ट्रहित सर्वोपरि
केंद्रीय बजट 2024-25 में 9 बुनियादी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित.... 4

# योगी सरकार का आदेश, अपनी तहसील में ही निवास करें उपजिलाधिकारी और तहसीलदार



लखनऊ(एजेंसी)। जनता की समस्याओं को सुनने और समय पर उनकी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराने के लिए योगी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। गुड गवर्नेंस की अपनी प्रतिबद्धता का अनुकरण करते हुए सरकार ने प्रदेश भर की विभिन्न तहसीलों में तैनात उपजिलाधिकारी (एसडीएम) एवं तहसीलदार को अब उसी तहसील में निवास करने का आदेश जारी किया है।

इस आदेश का उद्देश्य यह है कि उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार ज्यादा से ज्यादा समय अपनी तहसील में बिताएं एवं जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत उसका निराकरण करने का प्रयास करें। इससे न सिर्फ अधिकारियों की, बल्कि सरकार की छवि में भी सुधार होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**आकस्मिक जांच की जाएगी**

मुख्य सचिव की ओर से मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को जो निर्देश दिए गए हैं, उसके अनुसार जनसमस्याओं का ससमय निराकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार की गुड गवर्नेंस की प्रतिबद्धता के लिए यह आवश्यक है कि तहसील स्तरीय प्रशासन पूरी सजगता व तत्परता से कार्य करें।

इस निर्देशन व पर्यवेक्षण को सशक्त बनाने के लिए यह आवश्यक है कि संबंधित तहसीलदार एवं उपजिलाधिकारी जिस तहसील में तैनात हैं, वहीं निवास करें।

तहसील राजस्व प्रशासन के अंतर्गत सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तरह हो, यह सुनिश्चित करना संबंधित जिलाधिकारी व मंडलायुक्तगण का प्राथमिक दायित्व है। संबंधित जिलाधिकारी व मंडलायुक्तगण यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी जिस तहसील में तैनात किए गए हैं, वहीं निवास करें। सभी जिलाधिकारी ईमेल आईडी पर 7 दिन के अंदर इस आशय का सर्टिफिकेट उपलब्ध कराएंगे। वहीं संबंधित मंडलायुक्त एवं शासन स्तर से इस विषय का आकस्मिक निरीक्षण व जांच भी की जाएगी।

संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी यदि तहसील में निवासरत नहीं पाए गए तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित जिलाधिकारी का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# जंतर मंतर पर धरने पर बैठे जगन मोहन रेड्डी, अखिलेश का मिला साथ



लखनऊ(एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी दिल्ली के जंतर मंतर पर आंध्र प्रदेश सरकार के खिलाफ एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव का भी उन्हें साथ मिला। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अपने बयान में कहा कि आज वे सत्ता में हैं, कल हम सत्ता में आ सकते हैं।श् कल हम सत्ता में थे, लेकिन हमने कभी इस तरह के व्यवहार का प्रचार नहीं किया था। उन्होंने कहा कि हमने कभी भी हमलों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने को प्रोत्साहित नहीं किया है। आज आंध्र प्रदेश में स्थिति अलग है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हम दिल्ली में इस देश के सामने खड़े हैं और हम सवाल करते हैं कि क्या आंध्र प्रदेश में लोकतंत्र प्रचलित है या नहीं, जहां लोकतंत्र शब्द का अर्थ समान न्याय है और आज राज्य में न्यायसंगत न्याय से इनकार किया गया है और लोकतंत्र लंगड़ा कर खड़ा है। उन्होंने टीडीपी पर आरोप लगाया कि सरकार के सत्ता में आने के 45 दिनों के भीतर, आपके सामने ऐसी स्थिति है जहां 30 से अधिक लोगों की हत्या कर दी गई है और हमले हो रहे हैं, जिसके कारण हत्या के प्रयास हुए और कई संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया।

वाईएसआरसीपी अध्यक्ष ने कहा कि आपके पास सीएम चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश जैसे लोग हैं जो एक लाल किताब प्रदर्शित कर रहे हैं जो पूरे राज्य में होर्डिंग के रूप में कैद है और इस लाल किताब की सामग्री उन राजनेताओं की एक सूची है जिन पर वे कार्रवाई और हमला करने का इरादा रखते हैं। इस तरह के होर्डिंग पूरे राज्य में लगे हुए हैं। इससे पहेल आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी और वाईएसआरसीपी विधायक विजयवाड़ा से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। उन्होंने घोषणा की थी कि उनकी पार्टी राज्य में शिबगड़तीश् कानून व्यवस्था की स्थिति को उजागर करने के लिए 24 जुलाई को दिल्ली में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेगी।

# किसान नेताओं के प्रतिनिधि मंडल से मिलेंगे राहुल गांधी संसद में होगी बैठक



नयी दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को किसान नेताओं के साथ मुलाकात करने वाले है। राहुल गांधी किसान नेताओं के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करेंगे। ये बैठक संसद भवन में होगी। सूत्रों ने ये जानकारी दी है। यह बैठक संसद भवन में सुबह करीब 11 बजे होगी।

सूत्रों के मुताबिक, किसान नेता राहुल गांधी से उनकी लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए प्राइवेट मेंबर बिल लाने को कहेंगे। इस बीच, संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेताओं ने सोमवार को घोषणा की कि वे पूरे देश में मोदी सरकार के पुतले जलाएंगे और एमएसपी गारंटी को कानूनी बनाने की अपनी मांगों को पूरा करने के लिए नए सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन के हिस्से के रूप में, वे विपक्ष द्वारा लाए गए निजी विधेयकों के समर्थन में एक ष्लंबा मार्चष् भी निकालेंगे। यह घोषणा उस समय की गई जब वे दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद, प्रदर्शनकारी किसान 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में ट्रैक्टर रैली निकालेंगे। वे नए आपराधिक कानूनों की प्रतियां भी जलाएंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के नेताओं ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि किसानों का शिदल्ली चलोश् मार्च 31 अगस्त को 200 दिन पूरा कर लेगा और लोगों से पंजाब और हरियाणा सीमा पर खनौरी, शंभू आदि पहुंचने की अपील की।

घोषणा के बाद, उन्होंने आगे बताया कि दोनों संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) 1 सितंबर को उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक मेगा रैली आयोजित करेंगे। 15 सितंबर, 2024 को हरियाणा के जींद जिले में एक रैली आयोजित की जाएगी और 22 सितंबर, 2024 को पिपली में एक और रैली आयोजित की जाएगी। फरवरी में, हरियाणा सरकार ने अंबाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैरिकेड्स लगा दिए थे, जब किसान यूनियनों ने घोषणा की थी कि किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों के समर्थन में दिल्ली तक मार्च करेंगे। इस साल फरवरी की शुरुआत में किसानों का विरोध प्रदर्शन 2.0 शुरू हुआ था, हालांकि, उन्हें कई दिनों तक हरियाणा की सीमाओं पर रोक दिया गया था।

# सहयोगियों को खुश करके पीएम मोदी अपना शासन तो बचा सकते हैं, लेकिन...स्टालिन ने कसा पीएम मोदी पर तंज



तमिलनाडु (एजेंसी)। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को चेतावनी दी कि यदि वह अपनी राजनीतिक पसंद और नापसंद के अनुसार सरकार चलाएंगे तो उन्हें अलग-थलग कर दिया जाएगा। बिहार और आंध्र प्रदेश को बजटीय आवंटन को लेकर पीएम पर हमला करते हुए स्टालिन ने एक्स पर लिखा कि अपने सहयोगियों को खुश करके पीएम मोदी अपना शासन तो बचा सकते हैं, लेकिन देश को नहीं। यह हमला विपक्ष द्वारा राज्यसभा में बहिर्गमन करने के कुछ घंटों बाद आया, जिसमें दावा किया गया कि बजट में केंद्र द्वारा अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है

एमके स्टालिन ने पीएम मोदी पर उन लोगों का बदला लेने का आरोप लगाया जिन्होंने लोकसभा चुनाव में आपको हराया। भारत गठबंधन के सांसदों ने केंद्रीय वित्तीय रिपोर्ट में कई राज्यों को शामिल न किए जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया है। माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी आपने कहा था चुनाव खत्म हो गया है, अब हमें देश के बारे में सोचना होगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि लेकिन कल का रुठनकहमज2024 आपके शासन को बचाएंगे, भारत को नहीं! आम तौर पर उन लोगों का बदला लेने पर आमादा न हों जिन्होंने आपको अभी तक हराया है।

इस बीच, डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एमके स्टालिन का अनुसरण करना चाहिए और उन लोगों के लिए काम करना चाहिए जिन्होंने उन्हें वोट नहीं दिया। मुझे लगता है कि समय आ गया है कि प्रधानमंत्री को हमारे मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से कुछ अच्छी सलाह लेनी चाहिए और उनका अनुसरण करना चाहिए। जब एमके स्टालिन तमिलनाडु के सीएम बने तो उन्होंने कहा- मैं न सिर्फउन लोगों के लिए काम करूंगा जिन्होंने मुझे वोट दिया बल्कि उन लोगों के लिए भी काम करूंगा जिन्होंने मुझे वोट नहीं दिया, ये मेरा कर्तव्य है।

**किसानों की समस्याओं का निस्तारण ना होने पर आंदोलन की राह अपनाने की घोषणा**

# भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त सेल्वा जे0 से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

**युरेशिया संवाददाता**



मेरठ। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ताओ और किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा जे0 से मिलकर किसानों की प्रमुख समस्याओं जिनमें कि किसानों का गन्ना भुगतान, ट्यूबवेल मीटर, सिंचाई विभाग, स्मार्ट मीटर, नाले सफाई आदि मांगो का एक ज्ञापन सौंपा और उनका जल्द समाधान की मांग की। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं का निस्तारण ना होने पर आंदोलन की राह अपनाने की घोषणा की। उसके बाद जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में किसान और कार्यकर्ता किसान दिवस में पहुंचे, किसान दिवस मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और पिछली समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमे 122 समस्याओं में से 90 समस्याओं का निस्तारण हो गया बाकी समस्याओं को रिपीट में लिख लिया गया। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने अपनी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन उन्हें सौंपते हुए अधिकारियों से अबकी बार समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की इस दौरान प्रमुख समस्या आवारा पशु, गन्ना भुगतान, कोल ग्राम के सामने शमशान घाट हेतु रास्ता, नंगलाताशी डिवाइडर रोड निर्माण, स्मार्ट मीटर आदि समस्या रहीं। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, नरेश मवाना, सत्यवीर सिंह, विनेश छुर, हर्ष चहल, देशपाल, प्रिंस, अनूप ,कपिल,जज सिंह, बंटी, केपी,विनय ,अनुज, सतेंद्र तालियां, मदनपल,विनोद सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**गौहर अनवार युरेशिया**



मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं मातृ व शिशु कल्याण के कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पौधा भेंट कर व स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय की परिचय पुस्तिका देकर विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश का विकास जनता के उत्तम स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सहित परिवार व मातृ तथा शिशु कल्याण पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कटिबद्धता से समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु कार्य कर रही है। इसी दिशा में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सर्वसुलभ बनाकर घर घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से संवाद करते हुए बताया कि शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के भाव के साथ स्थापित हुए स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा के दीपक स्वरूप कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय व विभाग में 200 से अधिक कोर्स संचालित हो रहे है। जिसमें मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, डेन्टल कॉलेज एवं अस्पताल, नर्सिंग, फार्मेसी, पैरामेडिकल, नेचुरोपैथी, फिजियोथैरेपी सहित नॉन मेडिकल कोर्स जिसमें - इंजीनियरिंग, फाइन आर्ट, लॉ, मैनेजमेंट, बुद्धिस्ट स्टडीज, पत्रकारिता एवं जनसंचार, विज्ञान, शिक्षा व शारीरिक शिक्षा, योगा के संस्थान है, जो विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर रहे है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल 1500 बेड का अस्पताल है, जो विश्वस्तरीय आधुनिक सुविधाओं से युक्त चिकित्सीय सेवाएं प्रदान कर रहा है।

इसके साथ ही अस्पताल में सुभारती कैंसर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च सेन्टर भी स्थापित है, जिसमें कैंसर के रोगियों का आधुनिक मशीनों एवं एम्स के सेवानिवृत्त विशेषज्ञों द्वारा अनुसंधान कर उपचार एवं सर्जरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि डिजिटल पेट सीटी, टेस्ला एमआरआई मशीन, कार्डियक सीटी स्कैन, डिजिटल मैमोग्राफी आदि मशीनों द्वारा कैंसर के रोग को जल्दी पकड़ने के साथ बेहतर इलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों में कुपोषण व गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। नेचुरोपैथी कॉलेज द्वारा जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न बीमारियां मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक तनाव आदि के बारे में अनुसंधान करके प्राकृतिक चिकित्सा से उपचार किया जा रहा है।

सुभारती अस्पताल द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में समय समय पर चिकित्सीय शिविर लगाए जाते है। इस सम्बन्ध में मेरठ जनपद के आसपास के क्षेत्र में छोटे छोटे अस्पताल भी स्थापित किए गये है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सीय सुविधा प्रदान कर रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न ग्रामों को गोद लेकर उनके विकास हेतु प्रतिबद्धता से कार्य किए जा रहे है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल स्थापित कर गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी अनम शेरवानी उपस्थित रहे।

# लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला बनाम अभिषेक बनर्जी, टीएमसी सांसद के भाषण पर विपक्ष ने बजाई खूब ताली



नयी दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में आज बजट 2024 पर चर्चा में अध्यक्ष ओम बिरला और तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के बीच तीखी नोकझोंक देखी गई, जब टीएमसी नेता ने दावा किया कि सदन ने उन तीन कृषि कानूनों पर चर्चा नहीं की, जिन्हें बाद में वापस ले लिया गया था और सभापति ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसा हुआ। पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर से सांसद और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी में नंबर 2 बनर्जी ने अपने भाषण में कहा कि केंद्र ने ष्किसानों, किसान संगठनों या विपक्षी दलों के साथ किसी भी परामर्श के बिनाष् कृषि बिल पारित कर दिया।

अध्यक्ष ने हस्तक्षेप कियाः आइए रिकॉर्ड को सीधे सेट करें, इस सदन ने इस मुद्दे पर साढ़े पांच घंटे तक चर्चा की।ष् जब बनर्जी ने इस बात पर जोर दिया कि कोई चर्चा नहीं हुई, तो बिरला ने दृढ़ता से कहा, ष्जब अध्यक्ष बोलते हैं, तो वह सही बोलते हैं। आप खुद को सही करें।ष् तृणमूल सांसद अपनी बात पर अड़े रहे, जिसके बाद स्पीकर को कहना पड़ा, ष्जब मैं बोलता हूं, तो गलत नहीं बोलता।ष् बनर्जी के संबोधन ने बजट को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और सत्ता पक्ष, विशेषकर बंगाल के भाजपा सांसदों की ओर से प्रतिक्रिया व्यक्त की। तृणमूल महासचिव ने कहा कि बजट में ष्दृष्टिकोण की स्पष्टताष् का अभाव है और इसका उद्देश्य देश के 140 करोड़ लोगों को कोई राहत देने के बजाय भाजपा गठबंधन सहयोगियों को संतुष्ट करना है।

वहीं, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी संसद में नोटबंदी पर बात कर रहे थे। स्पीकर ओम बिरला ने उन्हें टोकते हुए कहा कि यह 2016 में हुआ था। बनर्जी ने जवाब दिया कि जब लोग नेहरू और आपातकाल के बारे में बात करते हैं तो आप चुप रहते हैं। लेकिन जब मैं हालिया मुद्दे पर बात करता हूं तो आपको दिक्कत होती है। तृणमूल सांसद टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जेडीयू नेता नीतीश कुमार का जिक्र कर रहे थे, जिनके समर्थन से भाजपा को इस आम चुनाव में अपना स्कोर गिरने के बाद सरकार बनाने के लिए आवश्यक संख्या मिली। विपक्षी दलों ने तर्क दिया है कि बजट 2024 भाजपा के प्रमुख सहयोगियों द्वारा शासित बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए उदार था, लेकिन अन्य राज्यों को कुछ खास नहीं मिला।

एक समयपर बिरला ने कहा कि सदस्यों को उन लोगों पर टिप्पणी करने से बचना चाहिए जो लोकसभा के सदस्य नहीं हैं। इस पर तृणमूल सदस्यों ने तीखी टिप्पणियां कीं, जिस पर अध्यक्ष को कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी। अभिषेक ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं, सभापति ने कहा कि हमें उन लोगों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए जो इस सदन के सदस्य नहीं हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस सदन की सदस्य हैं? उन्होंने टिप्पणी क्यों की? कृपया इसे बनाए रखें, अपने अध्यक्ष का सम्मान करें और उनसे माफी मांगें, फिर मैं जारी रखूंगा, आपको हस्तक्षेप करना होगा। स्पीकर ने जवाब दिया, ष्आप चाहें तो जारी रख सकते हैं, मैंने उनका नाम रिकॉर्ड से हटा दिया है, आप मुझे निर्देश नहीं दे सकते।ष्बनर्जी के भाषण के अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से आसन पर टिप्पणी करने से बचने की अपील की।

# भाजपा सांसद बलूनी ने जयशंकर से मुलाकात की, गढ़वाल में पासपोर्ट केंद्र की मांग की



उत्तराखंड (एजेंसी)। गढ़वाल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनिल बलूनी ने बुधवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की और अपने संसदीय क्षेत्र में दो पासपोर्ट केंद्र खोलने की मांग की।

बलूनी ने अपनी मांग पर जोर देते हुए इस क्षेत्र के कठिन और दुर्गम इलाकों का हवाला दिया तथा कहा कि इससे स्थानीय लोगों, खासकर युवा आबादी को मदद मिलेगी। बलूनी ने कहा कि उन्होंने गोपेश्वर और कोटद्वार में पासपोर्ट केंद्रों की मांग की और विदेश मंत्री ने इस पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

## एक नजर..

# गढी हसनपुर में रक्त दान शिविर का आयोजन

यूरेशिया संवाददाता

चौसाना। गढ़ी हसनपुर में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन अग्रवाल समाज से जुड़े लोगो ने किया। शिविर में 60 यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया गया।

शिविर के मुख्य आयोजक विशाल सिंघल व अर्पित मित्तल ने बताया कि बुधवार को पूर्व प्रधान में घेर शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 60 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है जो दिल के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। शिविर रक्त सेवा ट्रस्ट शामली द्वारा लगाया गया था।

# ग्राम प्रधान से बदला लेने के इरादे से आए आधा दर्जन बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने 9 एमएम पिस्टल, तमंचे व कारतूस भी किए बरामद

## कांधला पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार समेत दबोचे बदमाश



यूरेशिया संवाददाता

कांधला। विवाद के बाद गांव डुंडूखेडा के प्रधान से बदला लेने के लिए आए आधा दर्जन बदमाशों को कांधला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से पिस्टल, तमंचे व कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बुधवार को कांधला थाने पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सीओ कैराना अमरदीप मौर्य ने बताया कि एसपी के निर्देश के बाद कांधला थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाए हुए थे। अभियान के दौरान पुलिस को एक कार आती दिखाई दी। पुलिस ने जब कार सवारों को रुकने का इशारा किया तो वे पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने कार सवार लोगों की घेराबंदी करते हुए उन्हें रोक लिया तथा थाने ले आई। तलाशी लेने पर पुलिस ने कार सवारों के कब्जे से एक 9 एमएम पिस्टल, तमंचे व कारतूस भी बरामद किए। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि गांव गढी रामकौर निवासी लोकेश उर्फलौकी का गांव डुंडूखेडा के प्रधान से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था और उसी का बदला लेने के लिए लोकेश ने अपने साथियों को हथियारों सहित बुलाया था। सीओ ने बताया कि पकडे गए बदमाशों ने अपने नाम अनिल पुत्र जिलेराम निवासी उलावास गुरुग्राम हरियाणा, विक्की पुत्र सूरजभान निवासी विकासपुरी नई दिल्ली, विवेक पुत्र वेदपाल निवासी थाना गंगानगर मेरठ, सचिन पुत्र करतार निवासी बलवंतपुरा थाना गुलावठी बुलंदशहर, अरुण कहराणा पुत्र जितेंद्र कहराना ग्राम कमाला थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत, सूरज धामा पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी बेहटा हाजीपुर राजनगर थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद बताए है। पुलिस ने पकडे गए बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कांवड यात्रा व त्यौहारों को लेकर जिले में निषेधाज्ञा लागू

# माहौल खराब करने वालों के खिलाफहोगी सख्त कार्रवाई: डीएम

यूरेशिया संवाददाता

शामली। कांवड यात्रा, सावन शिवरात्रि व आगामी त्यौहारों को देखते हुए डीएम रविन्द्र सिंह ने जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इस दौरान किसी भी तरह की अफ्वाह फैलाकर माहौल खराब करने, दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई होगी।

इन दिनों चल रही कांवड यात्रा, सावन शिवरात्रि व आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक एवं निर्विघ्न संपन्न कराने को लेकर डीएम रविन्द्र सिंह ने जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। डीएम ने बताया कि कांवड यात्रा के दौरान कांवड यात्रा मार्ग पर मीट, मछली, अंडे की दुकानों, रेस्टोरेंट, मीट फैक्टरी आदि 3 अगस्त तक बंद रहेंगी। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के कांवड शिविर नहीं लगाएगा। कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन ऐसी सभा या कार्यक्रम आयोजित नहीं करेगा जिससे दूसरे समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे। सोशल मीडिया पर किसी भी महापुरुष, देवी देवता या धर्म सम्प्रदाय के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। बिना अनुमति के कोई भी जुलूस, कार्यक्रम या समारोह नहीं कर सकेगा। सार्वजनिक स्थलों, गलियों या मार्गों पर अराजकता उत्पन्न करने, दूसरे समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचने या शांति व्यवस्था को भंग करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। कोई भी व्यक्ति या संगठन शामली जनपद की सीमा के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान, कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास जुलूस, धरना अथवा भीड को एकत्र नहीं करेगा।

# सीएमओ ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया



यूरेशिया संवाददाता

झिंझाना। बुधवार को सीएमओ डा. अनिल कुमार ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया जिसमे कांवड़ यात्रा को लेकर मरीजों को मिलने वाली उपचार एवं व्यवस्था को परखा। अस्पताल में कांवड़ यात्रा के चलते विशेष दिशा निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी के निरीक्षण से चिकित्सक एवं कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा।

बुधवार की दोपहर सीएमओ डा. अनिल कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिलीवरी कक्ष की सुविधाएं, टॉयलेट बाथरूम की साफसफाई देखी। वहीं निरीक्षण के दौरान स्टाफ हाजरी रजिस्टर, लेब के साथ साथ प्रतिदिन बनने वाली पर्ची के रजिस्टर को भी देखा। ढाई घंटे के निरक्षण में स्टाफके साथ बैठक कर कावड़ यात्रा के चलते विशेष दिशा निर्देश दिए तथा शिव भक्तों को मिलने वाली सुविधाओं का भी जायजा लिया। मुख्य चिकित्साधिकारी के निरीक्षण से चिकित्सक एवं कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। निरक्षण के दौरान सीएमओ पत्रकारों से कतराते नजर आए। जाते समय भी उन्होंने किसी सवाल का जवाब नहीं दिया तथा तुरंत गाड़ी में बैठकर निकल लिए। सीएचसी प्रभारी डा शशिकांत ने बताया कि सीएमओ रूटीन निरक्षण के लिया आए थे तो कांवड़ यात्रा के बारे में भी दिशा निर्देश दे गए हैं। हॉस्पिटल में सब सही पाया गया।

## संचारी रोगों से बचाव के लिए छात्रों को किया गया जागरूक

# संचारी रोगों के नियंत्रण को प्रतियोगिता का आयोजन

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में छात्रों ने उत्साह से लिया भाग



यूरेशिया संवाददाता

शामली। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर एक वाद-विवाद एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 140 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जानकारी के अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बुधवार को संचारी रोग नियंत्रण हेतु वाद-विवाद एवं क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

शिक्षक अशोक सोम व ललित कुमार ने छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने बताया कि जुलाई से सितम्बर माह तक संचारी रोगों का प्रकोप अधिक रहता है क्योंकि इस माह में सूक्ष्म जीवों जैसे कवक, जीवाणु, कृमि व अमीबा आदि के लिए अनुकूल समय रहता है इसलिए इन दिनों बचाव की अधिक आवश्यकता होती है। प्रतियोगिता में छात्र देवांश ने प्रथम, क्रिश ने द्वितीय एवं युवराज ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद शर्मा ने बताया कि इन दिनों सावधानी ही बचाव है। हमें शरीर को पूरा ढंकने वाले कपडे पहनने चाहिए, कुछ भी चीजें खाने से पहले अच्छी तरह से धो लेनी चाहिए। यदि इन सभी बातों का ध्यान रखेंगे तो निश्चत ही हम संचारी रोगों से बचाव कर सकेंगे। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य मलूकचंद, अंकुर, संजू, अंकित भार्गव, प्रमोद, नीटू कश्यप, अरविन्द कुमार, धीरज, मधुबन शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

# काम, पढ़ाई, खेल या मनोरंजन के लिए, एयरटेल ग्राहक बिना किसी बाधा के ऐसे ले सकते हैं अनलिमिटेड 5जी डेटा का आनंद

यूरेशिया संवाददाता

मेरठ। जो ग्राहक अनलिमिटेड 5जी लाभ नहीं ले पा रहे हैं, उनके लिए एयरटेल ने नए बूस्टर पैक लॉन्च किए हैं। अब 1जीबीध्दिन और 1.5जीबीध्दिन प्लान वाले ग्राहक अनलिमिटेड 5जी प्लान में अपग्रेड कर सकते हैं। यह किफायती अपग्रेड मौजूदा डेटा पैक पर एक्टिवेट किए जा सकते हैं, जिससे ग्राहक अनलिमिटेड 5जी डेटा का आनंद ले सकते हैं। इन अपग्रेड प्लान्स के साथ ग्राहकों को अनलिमिटेड 5जी डेटा के अलावा 3जीबी, 6जीबी और 9जीबी अतिरिक्त डेटा भी मिलेगा, जो क्रमशः 51, 101 और 151 में उनकी वर्तमान प्लान की वैधता के साथ उपलब्ध होगा।

# मृतक भाईयों के परिजनो ने मुआवजे के लिए हाईवे किया जाम, तीन घंटो तक यात्री रहे हलकान



यूरेशिया संवाददाता

मीरापुर। दिल्ली पौडी राजमार्ग पर ग्राम देवल के निकट मंगलवार को दोपहर रोडवेज बस व बाईक की भिडंत में दो सगे भाईयों की दर्दनाक मौत हो गई थी। पुलिस ने दोनो भाईयों को शवो को पास्टमार्टम के लिए भेज दिया था। दोनो भाईयों के शव गांव में पहुंचने के बाद ग्रामीणो में रोष फेल गया और उन्होने ग्राम देवल में हाईवे पर जाम कर दिया। मौके पर मौजूद एसडीएम सुबोध कुमार, क्षेत्राधिकारी जानसठ यतेन्द्र नागर, तहसीलदार व अन्य अधिकारियों के कई घंटो तक परिजनो को समझाने के बाद हाईवे को सुचारू कराया गया तब जाकर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

ग्राम रामराज थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर रहडवा निवासी सुमित 26 वर्ष व अमन 24 वर्ष पुत्रगण ब्रहमपाल मंगलवार की दोपहर हरिद्वार से अपने गांव वापस लौट रहे थे जैसे ही उनकी बाईक देवल के पास पहुंची तो सामने से आ रही गढ मुक्तेश्वर डिपो की रोडवेज बस से जबरदस्त भिडंत हो गई तथा दोनो भाई बाईक सहित रोडवेज के पहिये के नीचे आ गये। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड लग गई तथा पुलिस व ग्रामीणो की मदद से उन्हे रोडवेज के नीचे से निकाला गया परंतु दोनो भाईयों की दर्दनाक मृत्यू हो गई थी। पुलिस ने दोनो मृतको के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनो मृतक भाईयों के शव जब गावं में पहुंचे तो ग्रामीणो में रोष फेल गया तथा उन्होने शवो को ग्राम देवल में हाईवे पर लाकर रखकर जाम कर दिया तथा ग्रामीण मौके पर अधिकारियों को बुलाने व मुआवजे की मांग करने लगे। सूचना पाकर एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार, क्षेत्राधिकारी जानसठ यतेन्द्र नागर, तहसीलदार सतीश चन्द्र बघेल, रामराज थानाध्यक्ष दीपक चौधरी, मीरापुर थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र बघेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा गुस्साये ग्रामीणो को समझाने का प्रयास किया। तीन घंटो तक चली गहमागहमी के बाद एसडीएम सुबोध कुमार ने ग्रामीणो कुछ मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया। उन्होने बताया कि मृतक युवको के परिजनो को किसान दुर्घटना बीमा, ग्राम सोसायटी में मृतक सुमित की पत्नी को संविदा पर नौकरी, बाल विकास योजना के तहत मृतक सुमित की तीन माह की पुत्री को 2500 रूपये माह दिलाने का आश्वासन दिया। तब जाकर ग्रामीणो ने हाईवे से दोनो भाईयों के शवो को हटाया तथा गंगा बैराज पर लेजाकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष दीपक चौधरी ने बताया कि ग्रामीणो ने लगभग तीन घंटो तक हाईवे को जाम रखा जिस कारण वाहनो कई किलोमीटर लम्बी लाईने लग गई जिस कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। जिला प्रशासन के निर्देश पर मृतको के परिजनो को शासन द्वारा कुछ राहत देने की घोषणा की गई है। मृतक युवको के गांव में गम का माहौल बना हुआ है पूरे गांव में इनकी मृत्यू से लोगो के घरो में चुल्हे नही जले हैं। फोटो कैप्शन- मृतको के शवो को हाईवे पर रखकर जाम लगाते ग्रामीण।

# दो दिन से मेडिकल स्टोर संचालक लापता

यूरेशिया संवाददाता

झिंझाना। कस्बा निवासी मेडिकल स्टोर संचालक के दो दिन से लापता होने पर परिजनों ने अनहोनी की आसंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है।दो दिन पूर्व स्टोर संचालक घर से शामली जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन वापिस घर नहीं लौटा पुलिस मामले की जांच में जुटी। कस्बे ऊन रोड पर दीपक मेडिकल स्टोर का संचालक दीपक सैनी पुत्र जगदीश सैनी निवासी मौहल्ला सेदमीर दो दिन पूर्व सोमवार को घर से शामली किसी कार्य से जाने की बात कहकर निकला था। मंगलवार की सुबह जब दीपक से सम्पर्क किया तो उसने फोन पर सहारनपुर में

# जिजौला में पुरानी नींव पर बना दिया विद्यालय भवन

## ग्रामीणों ने किया विरोध, पीली ईंटों के इस्तेमाल का भी आरोप

## शिकायत करने के बावजूद भी विभाग ने नहीं की कार्रवाई



यूरेशिया संवाददाता

चौसाना। क्षेत्र के गांव जिजौला में प्राथमिक विद्यालय की जर्जर इमारत को तोडकर पुराने भवन की नींव पर ही दोबारा विद्यालय बनाए जाने व निर्माण में पीली ईंटों का इस्तेमाल करने पर ग्रामीण भडक गए। ग्रामीणों ने जब इसका विरोध किया तो आरोप है कि ठेकेदार ने ग्रामीणों को धमकाकर वहां से भगा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद भी अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

जानकारी के अनुसार चौसाना के गांव जिजौला में प्राथमिक विद्यालय कई सालों से जर्जर हालत में था। विद्यालय प्रबंधन ने विभागीय अधिकारियों को भवन निर्माण का प्रस्ताव भेजा था। विभागीय अनुमति मिलने के बाद पुराने भवन को तोडकर नए भवन का निर्माण कार्य शुरू भी हो गया जिसमें विद्यालय में कार्यालय व दो कमरों को तोडकर नए कमरे बनाए जाने हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस ठेकेदार को भवन निर्माण का ठेका दिया गया है उसने पुराने भवन को तोडकर पुरानी नींव पर ही नए भवन को तैयार करा दिया, भवन निर्माण में भी पीली ईंटों का प्रयोग किया गया, वहीं मानकों में भी पूरी तरह अनदेखी की गयी। आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद भी विभागीय अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की और जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो ठेकेदार ने ग्रामीणों को धमकाकर वहां से निकाल दिया। बुधवार को ग्राम प्रधान आदिल राणा सहित दर्जनों ग्रामीण विद्यालय पहुंचे तथा विरोध करते हुए काम को रुकवा दिया। हंगामा करने वालों में अहसान, रशीद, खालिद, गयूर, साजिद, नूरहसन, इसरार, अफ्सर आदि शामिल रहे।

# सडकों पर गूंजने लगे बोल-बम के जयकारे



## हरिद्वार से आने वाले कांवडियों के लिए शामली नगरी तैयार

यूरेशिया संवाददाता

शामली। हरिद्वार से कांवड में गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों के लिए शामली नगरी भी पूरी तरह तैयार है। सैंकडों किलोमीटर की पैदल यात्रा कर अपने गतंव्य की ओर जाने वाले शिवभक्त कांवडियों के लिए शहर में कई जगह सेवा शिविरों के आयोजन किए जा रहे हैं। वहीं सडकों पर भी बोल बम के जयकारे गूंज रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सावन माह के प्रारंभ होते ही कांवड यात्रा का भी शुभारंभ हो चुका है। हरिद्वार से कांवड लेकर आने वाले शिवभक्तों के लिए शामली शहर भी तैयार है। कांवडियों के लिए स्वागत व उनके खाने पीने, ठहरने के लिए कई जगह कांवड सेवा शिविरों के आयोजन किए गए हैं। जहां कांवडिये अपनी थकान मिटाकर व भोजन कर गतंव्य की ओर बढ रहे है। हालांकि अभी हरियाणा व दूर दराज के कांवडियों का आगमन हो रहा है लेकिन आगामी दिनों में कांवडियों की संख्या में भी इजाफा होगा। सडकों पर भी शिवभक्त कांवडिये भोलेनाथ के जयकारे लगाकर आगे बढ रहे हैं। बुधवार को भी काफी संख्या में कांवडिये शामली से होकर निकले। शहर के हृदयस्थल शिव चौंक को भी सुंदर एवं आकर्षक रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। शाम के समय कांवडियों को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड उमडती है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की भी तैनाती की गयी है।

## हनुमान धाम पर कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ

# कांवडियों के लिए विश्राम, खाने पीने, चिकित्सा आदि की सुविधाएं

यूरेशिया संवाददाता



शामली। शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ हो गया। शिविर में कांवडियों के लिए खाने पीने, ठहरने आदि की उचित व्यवस्था की गयी है।

जानकारी के अनुसार शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवभक्त कांवडियों के लिए कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ हो गया है। हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने बताया कि हरिद्वार से कांवड में पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों के लिए सेवा शिविर में विश्राम, शौचालय, स्नान, जलपान, चिकित्सा आदि की सभी व्यवस्थाएं की गयी है।

हनुमान धाम पर चलाए जाने वाला कावड़ सेवा शिविर शामली का सबसे प्राचीन कावड़ सेवा शिविर है। हनुमान धाम पर चलाए जाने वाला कावड़ सेवा शिविर शामली में सबसे पहले शुरू हो जाता है तथा शिवरात्रि तक चलाया जाता है।

यह कावड़ सेवा शिविर शामली का सबसे लंबा चलने वाला कावड़ सेवा शिविर है। शिविर में कांवडियों के लिए आलू की सब्जी, पूरी, दाल चावल सहित चाय, दूध, फल आदि भी वितरित किए जा रहे हैं। इस मौके पर सचिव राजकुमार मित्तल, रमेश धीमान, वंश नामदेव, संदीप नामदेव, शिवम गिरी, सूरज चौधरी, संजीव वर्मा, आशु निर्वाल, गुरु शरणम रोहिल्ला, नमन कर्नवाल , मोहित कश्यप, अमित प्रजापति, भोला शर्मा, मोंटी शर्मा, अमित गर्ग, योगेश, अश्वनी गुप्ता, मनु शर्मा भी मौजूद रहे।

# पेड से टकराकर बाईक सवार गम्भीर घायल

यूरेशिया संवाददाता

मीरापुर। मीरापुर से हाशिमपुर जा रहे एक युवक की बाईक असंतुलित होकर पेड से जा टकराई जिस कारण बाईक पेड पर लटक गई व बाईक सवार गम्भीर घायल हो गया। मौके पर पहुंच पुलिस ने घायल को उपचार लिए जानसठ सीएचसी भेज दिया गया।

रामराज थाना क्षेत्र के ग्राम पुट्ठी निवासी वारिस पुत्र निजामुदीन अपनी बाईक द्वारा मीरापुर से हाशिमपुर जा रहा था। जब इसकी बाईक सतपाल के बाग के पास पहुंची तो सामने से आ रहे किसी वाहन को बचाने के प्रयास में उनका संतुलन बिगड गया जिस कारण उसकी बाईक एक पेड से टकरा गई। बाईक की गति इतनी तेज थी कि बाईक पेड के उपर लटक गई व युवक नीचे आ गिरा जिस कारण उसे गम्भीर चोटे आने पर वह बेहोश हो गया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र बघेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गये तथा गम्भीर हालत में युवक को सीएचसी जानसठ में उपचार के लिए भर्ती कराया गया तथा क्षतिग्रस्त बाईक को पेड से उतारा गया।

## एक नजर..

### सर्राफबाजार स्थिति व्यापारी एसोशियेशन बड़ौत के मुख्य कार्यालय पर व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**यूरेशिया संवाददाता**

बड़ौतः नगर के सर्राफबाजार स्थिति व्यापारी एसोशियेशन बड़ौत के मुख्य कार्यालय पर व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में व्यापारियों के हितों व व्यापारियों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गयी।

व्यापारियों ने पिछले दिनों सिविल कॉन्ट्रेक्टर चेयरमैन धूम सिंह पर हुये जानलेवा हमले की निन्दा करते हुए कहा कि चोरी और सीनाजोरी वाली कहावत के अनुसार रोड़ी सप्लायर ने व्यापारी एसोशियेशन के सदस्य चेयरमैन धूमसिह से 23 लाख़ रूपये एडवांस मे लेने के बाद रोड़ी की सप्लाई भी नहीं दी और 23 लाख़ रूपये मांगने पर चेयरमैन के घर पर हमला करके उन्हें जान से मारने के इरादे से धूम सिंह के ऊपर धारदार हथियार दांव (तबल) से प्रहार कर दिया। चेयरमैन धूम सिंह का मुनिम बीच में आने से घायल हो गया और चेयरमैन धूम सिंह बाल बाल बच गया।

रोड़ी सप्लायर व उसके समर्थ कुछ साथियों द्वारा उसके कुकृत्य पर पर्दा डालते हुए व पुलिस व समाज को गुमराह करते हुए चर्चा चला जा रहे है कि हिसाब करने के बहाने धूम सिंह ने अपने घर बुलाकर रोड़ी सप्लायर को बंधक बनाया था। हम व्यापारी लोग पूछना चाहते कि क्या हिसाब किताब करने या बातचीत करने के लिए तबल व धारदार हथियार लेकर जाया जाता है? ऐसे हथियार लेकर जाने का मकसद क्या था? सीटीवी फुटेज में लहराता हुआ धारदार हथियार व घायल चेयरमैन धूम सिंह का मुनिम आँखों का धोखा नहीं है।

पैसे का लेन-देन करना व्यापार की नीति का हिस्सा है। कोई व्यक्ति व्यापार एसोसिएशन के सदस्य का पैसा मारने व उसको जान से मारने की नियति से धारदार हथियार से हमला करने का प्रयास करेगा तो सम्पूर्ण व्यापारी एसोसिएशन ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध एक जुट होगी तथा व्यक्ति के विरूद्ध सम्बन्धित उच्च अधिकारियों से मिलकर कठोर कार्यवाही व व्यापारियों की सुरक्षा की मांग करेगी।

बैठक में मुख्य रूप से नवीन जैन बामनौली, मुकेश शर्मा, अतुल जैन, डिम्पल, मोनू बिजली वाले, डॉक्टर इरफान मलिक, बंटी जैन, आदि उपस्थित रहे।

## हरियाणा से महिला को भगा कर पठेड लाया युवक

**नाथी सहल /यूरेशिया**

चिलकाना पुलिस ने बच्चे सहित महिला को किया गिरफ्तार शाम को जब महिला का पति उसको लेने आया तो उसने बताया की उसकी पत्नी एच आई वी से संक्रमित है और हरियाणा निवासी युवक ने बताया की वह भी एच आई वी पॉजिटिव है आवेश पुत्र कुर्बान निवासी बरथाकायस्थ भगा कर लाया था महिला को सहारनपुर जिले के विकासखंड सरसावा के ग्राम बरथाकायस्थ उर्फबड़ी पठेड़ का बताया जा रहा है पूरा मामला आस पास व ग्रामीणों का कहना है की जो महिला को यहां लेकर आया था उन सबकी भ्प्ट की जांच होनी चाहिए स्वास्थ्य विभाग को जानकारी लगने से विभाग में भी मचा हड़कंप ..

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मचा



**लियाकत मलिक**

नगीना। संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव मिलने से परिवार वालों में कोहराम मच गया मृतका के पति ने 112 डायल पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची डायल पुलिस ने घटना की जानकारी थाने में दी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की तैयारी करने में जुटी तथा मृतका के तेहरये भाइयों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया।

थाना स्योहारा क्षेत्र के गांव बांगर कुरी निवासी साबिद की 30 वर्षीय पुत्री मृतका शाइस्ता परवीन पत्नी दिलशाद की शादी लगभग 7 वर्ष पहले यहां शादी हुई थी बुधवार को सुबह 11रू30 बजे करीब दिलशाद ने उसके घर वालों को फोन द्वारा सूचना दी की शाइस्ता को हार्ट अटैक आया है आप जल्दी अस्पताल पर आ जाओ मृतका के परिजन नगीना पहुंचे और पहुंचने के बाद दिलशाद को कॉल पर पूछा कि कहां के अस्पताल में हो तो दिलशाद ने बताया कि आप सीधा घर पर पहुंचे वहां जाने के बाद परिजनों ने देखा कि शाइस्ता का मृत शव उसके कमरे में सदिंग्ध परिस्थितियों में पड़ा था शव को देख परिजनों में कोहराम मच गया तथा परिजनों ने पति दिलशाद से पूछा तो उसने जानकारी दी की मैने शव मिलने की घटना की जानकारी 112 डायल पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची डायल पुलिस ने घटना की जानकारी थाने में दी। तथा परिजनों से ससुराल वालों ने बताया कि शाइस्ता ने आत्म हत्या कर ली है तथा उसके तेहरये भाइयों ने सीधा हत्या का आरोप लगाते हुए पहले से मौजूद पुलिस को जानकारी दी और पुलिस बल के साथ एसपी ग्रामीण रामअर्ज मौके पर पहुंचे पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तैयारी में जुट गई समाचार भेजे जाने तक परिजनों की ओर से पुलिस को मामले में कोई भी तहरीर मिली थी। उधर एसपी ग्रामीण राम अर्ज ने बताया कि शव को कब्जे में ले लेकर पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही हैं तथा मृतका के पति दिलशाद को हिरासत में लिया है मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# जिलाधिकारी ने उद्यमियों के साथ की जिला उद्योग बन्धु की बैठक

### उद्योगों को दी जाएगी जनपद में गति उद्यमियों को ना हो जनपद में कोई समस्या

**यूरेशिया संवाददाता**



बागपत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यमियों के साथ जिला उद्योग बंधु एवं निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा बैठक की और संबंधित अधिकारियों को उद्योग से जुड़े बिंदुओं को बढ़ाए जाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा उद्यमियों के उत्थान के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे से किया जाए जिससे उद्मियों को उसका लाभ प्राप्त हो उद्यमियों को किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए बागपत इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन बागपत अप सीधा इंडस्ट्री एरिया में स्थापित वाटर ओवर हैड टैंक को क्रियाशील कराए जाने के शासक प्रत्येक पहुंच मार्बल पानी की लाइन से कनेक्ट हाइड्रेट लगाए जाने एवं एक भूमिगत पानी की स्टोरेज टैंक की स्थापित कराई जाने की मांग की गई थी जिसके संबंध में अप सीता के मैनेजर सिविल द्वारा बताया गया कि मुख्यालय द्वारा बजट का अनुमोदन कर दिया गया है बजट प्राप्त होने के उपरांत जल निगम बागपत द्वारा गैप एनालिसिस का कार्य कराया जाएगा।

आकृति ज्वेल क्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड सिसाना बागपत की विद्युत विभाग संबंधित समस्या थी जबकि बिजली विभाग द्वारा संबंधित मशीन पाट्र्स इकाई में स्थापित कर दिए गए हैं। त्रिशिव टेक्सटाइल खेकड़ा द्वारा धारा 116 के लिए आवेदन किया गया था लेकिन जिसमें सभी खातेदारों के एफिडेविट न देने पर कार्यवाही नहीं हो सकी इसके संबंध में जिलाधिकारी ने एसडीएम खेकड़ा को कार्यवाही से अवगत कराई जाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह दुनिया से जुड़े जो भी समस्याएं हैं उनका तत्काल समाधान किया जाए उद्यमियों को किसी भी तरह की किसी समस्या का सामना न करना पड़े सरकार उद्यमियों के प्रति गंभीर है उद्योग बढ़ेंगे तो रोजगार के अवसर खुलेंगे।

संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उद्यमियों के कार्य को लंबित ना रखा जाए मानक के अनुरूप कार्य किए जाएं और उद्योग को जनपद में बढ़ाया जाए जिससे कि जनपद को उद्योग के क्षेत्र में भी एक अलग पहचान मिले। निवेश मित्र योजना की समीक्षा में कुल 665 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 570अप्रूव हुए और 26 मौके पर निरस्त किए गए। बैठक में समय से न पहुंचने पर जिलाधिकारी ने सहायक श्रम आयुक्त विनीता सिंह को कारण बताओं नोटिस जारी किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष सिंह, जीएमडीआईसी अर्चना तिवारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह, सहित आदि उपस्थित रहे।

### व्यापारिक करें एकजुट होकर कार्य तभी है सुरक्षा सम्मान संभव, नवीन जैन बबल

# उत्तर प्रदेश के संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**नीलकंठ यूरेशिया**



बड़ौत। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग बुधवार को नगर के प्रदेश संगठन मंत्री नवीन जैन बबल के आवास पर पहुँचे, आवास पहुंचने पर व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया, उसके पश्चात कार्यालय पर ही व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापारियों के सम्मान के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल संघर्षरत है। क्योंकि व्यापारी प्रदेश में व्यापार कलेक्टर के रूप में कार्य कर रहा है, व्यापारी ग्राहक से जो टैक्स लेता है, वह सरकार के खजाने को भरता है।

इसलिए जब व्यापारी सरकारी कार्यालय जाता है, तो वहां अधिकारियों को व्यापारी को सम्मान देना चाहिए। क्योंकि हमारे व्यापारी को अगर सम्मान नहीं मिलेगा तो वह कार्य नहीं कर पाएगा। साथ ही व्यापारियों की सुरक्षा का मुद्दा हो या पेंशन का मुद्दा हो, या फिर जीएसटी टैक्स सरलीकरण का मुद्दा इन सभी मुद्दों के विषय की बात 4 अगस्त के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर की जायगी, वहीं इन समस्याओं के समाधान के लिए भी बात की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहां की वे इस समय प्रदेश के दौरे के लिए निकले हैं, वह 4 अगस्त तक प्रदेश भर का दौरा करेंगे। और जगह-जगह पहुंचकर समीक्षा बैठक करेंगे। जिससे व्यापारी को जागरूक किया जा सके। और उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। वहीं बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री नवीन जैन बबल ने कहा की व्यापारियों को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

तभी सुरक्षा और सम्मान संभव हो सकता हैं, क्योंकि एकता में ही शक्ति है, वहीं उन्होंने बताया कि 22 सितंबर 2024 को मुजफ्फरनगर में व्यापारियों का एक अधिवेशन होने जा रहा है।जहां पर प्रदेश भर से हजारों व्यापारी पहुंचेंगे। बागपत जिले से भी बड़ी संख्या में व्यापारी पहुंचेंगे, उन्होंने यह भी आश्वासन प्रदेश अध्यक्ष को दिया। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष रवि पालीवाल ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल जैन, अजय गोयल, दिनेश जैन, योगेंद्र मलिक, मुकेश वर्मा, विनोद जैन, मनोज जैन, सौरभ जैन, बिट्टू गर्ग, करण सिंह, जुगल किशोर गर्ग, सचिन जैन, आदि व्यापारी उपस्थित रहें।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष ने किया पौधारोपण

### हम सभी को करना चाहिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण नवीन जैन बबल

**नीलकंठ यूरेशिया**




बड़ौत। नगर की सहकारी क्रय विक्रिया समिति लिमिटेड बड़ौत पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने कोऑपरेटिव वाइस चेयरमैन नवीन जैन बबल वह पूर्व एमडी योगेंद्र मलिक एमडी सुदर्शन गुप्ता रामवीर रवि पालीवाल अजय गोयल अनिल जैन के साथ समिति परिसर में पौधों रोपण किया। पौधारोपण के अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को एकजुट होकर जीवन में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। वहीं उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा का भी सभी को संकल्प दिलाया, कोऑपरेटिव के वाइस चेयरमैन नवीन जैन ने कहा की बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है हमें सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए।

# न्यू ऐरा वर्ल्ड मे नन्हें नन्हें शेफने तैयार की खाने की डिश

**नीलकंठ यूरेशिया।**



बिनौली। न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को लिटिल मास्टर शेफका आयोजन किया गया।

कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने फायरलेस कुकिंग करते हुए कक्षा में ही विभिन्न खाने-पीने की वस्तुएं तैयार की जिसमे भेल, सैण्डविच, चाट, अंकुरित चाट, फलों का सलाद आदि।

बच्चों ने अपने द्वारा बनाई चीजों को आपस में मिलजुल कर खाया। शिक्षिकाओं ने बच्चों को कैसे अपने लिए खाने की चीजें बना सकते हैं एवं कुकिंग करते समय क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए इसके बारे में विस्तार से बताया। स्वरित वत्स को मास्टर सैफचुना गया।

इस अवसर पर चेयरमेन यतेश चौधरी, डायरेक्टर धीरज चौधरी, निदेशक डॉ शिवानी चौधरी, अनुभव चौधरी प्रधानाचार्या मीनू सिरोही उप प्रधानाचार्य डॉ सुशील वत्स आदि उपस्थित रहे।

## राज्यपाल मानहानि मामला, ममता ने एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया



कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ का रुख कर एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। एकल पीठ ने बनर्जी और तीन अन्य पर राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के खिलाफ मानहानिकारक और गलत बयान देने पर रोक लगा दी थी। बनर्जी के वकील एस.एन. मुखर्जी ने न्यायमूर्ति आई.पी. मुखर्जी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष कहा कि बनर्जी ने राज्यपाल के खिलाफकोई टिप्पणी नहीं की। वकील ने कहा कि उनकी जिस टिप्पणी की बात हो रही है वह दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के संबंध में सार्वजनिक दायित्व निभाने से जुड़ी है।

मुखर्जी ने कहा कि बोस ने समाचारों का हवाला दिया है, लेकिन उन्होंने मानहानि मामले में प्रकाशनों को पक्षकार नहीं बनाया है। पीठ ने कहा कि मामले पर बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी जब बोस के वकील अपनी दलीलें पेश करेंगे। न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों सयंतिका बनर्जी और रेयात हुसैन सरकार के शपथ ग्रहण पर विवाद से संबंधित एक प्रशासनिक बैठक के दौरान कुछ टिप्पणी करने के लिए बनर्जी और तीन अन्य के खिलाफराज्यपाल द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे पर 16 जुलाई को अंतरिम आदेश पारित किया था। पीठ ने उनपर रोक लगाने का आदेश पारित किया था, जो 14 अगस्त तक लागू रहेगा। यह आदेश दो विधायकों और टीएमसी नेता कुणाल घोष पर भी लागू होगा।

## बजट में हमारे साथ ठीक व्यवहार नहीं हुआ, आयोग की बैठक में शामिल होने का औचित्य नहीं- शिवकुमार



बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने बुधवार को कांग्रेस सरकार द्वारा 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि राज्य के साथ केंद्रीय बजट में अनुचित व्यवहार किया गया और उसके हितों की रक्षा नहीं की गई। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा था कि राज्य की मांगों की केंद्रीय बजट में 'अनदेखी' करने के खिलाफयह फैसला लिया गया है। शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''जब कोई 'नीति' ही नहीं है तो नीति आयोग की बैठक में शामिल होने का क्या औचित्य है? कर्नाटक के साथ केंद्रीय बजट में अनुचित व्यवहार किया गया है।

राज्य को कोई परियोजना नहीं मिली और उसके हितों की भी रक्षा नहीं की गई। हमने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है और इसके बजाय प्रदर्शन करेंगे।'' सिद्धरमैया ने कहा, कर्नाटक की आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली में सभी दलों के सांसदों की बैठक बुलाने के मेरे गंभीर प्रयासों के बावजूद, केंद्रीय बजट में हमारे राज्य की मांगों की अनदेखी की गई।卐उन्होंने कहा, बैठक में शामिल हुईं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक के लोगों की चिंताओं की अनदेखी की। हमें नहीं लगता कि कर्नाटक वासियों की बात सुनी गई, लिहाजा नीति आयोग की बैठक में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं है।

इस बीच, वृहत बेंगलुरु शासन (जीबीए) विधेयक का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा विरोध किए जाने के सवाल पर शिवकुमार ने कहा, '' वे मुद्दे का राजनीतिकरण करना चाहते हैं। मैं जल्दबाजी में कुछ नहीं करना चाहता हूं, मैंने केवल उसे सदन में रखा है। उन्हें इस पर विस्तृत बहस करने दें और उसके बाद फैसला किया जाएगा। बेंगलुरु का विस्तार अनियंत्रित तरीके से हो रहा है और यहां सुशासन की जरूरत है।'' कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को प्रस्तावित विधेयक विधानसभा में पेश किया जिसका उद्देश्य नगर निकाय प्रशासन के विकेंद्रीकरण करने के वास्ते अधिकतम 10 नगर निगम बनाना है। विधेयक में जीबीए की स्थापना का प्रस्ताव है, जिसके पदेन अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे, उपाध्यक्ष बेंगलुरु के प्रभारी मंत्री होंगे तथा सदस्य सचिव ग्रेटर बेंगलुरु प्राधिकरण के मुख्य आयुक्त होंगे।

## विपक्ष का सरकार के खिलाफहल्ला बोल, भाजपा ने कहा- बजट में सभी का रखा गया ध्यान

नयी दिल्ली (एजेंसी)। संसद ने आज केंद्रीय बजट 2024 और 2024-2025 के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के बजट पर चर्चा शुरू की। बुधवार को कार्यवाही हंगामेदार ढंग से शुरू हुई। विपक्षी सांसदों ने बजट के खिलाफविरोध शुरू कर दिया। इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने आरोप लगाया है कि बजट गैर-भाजपा शासित राज्यों के साथ भेदभावपूर्ण है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को मोदी 3.0 सरकार का पहला बजट पेश किया था। अपने सातवें रिकॉर्ड बजट में, निर्मला सीतारमण ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और पर्याप्त अवसर पैदा करने के उद्देश्य से प्रमुख प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। इनमें कृषि, रोजगार और कौशल और सेवाओं में उत्पादकता और लचीलापन शामिल था।

**लोकसभा की कार्यवाही**

लोकसभा की बैठक बुधवार को हंगामे के साथ शुरू हुई और विपक्षी सदस्यों ने राज्यों के बजटीय आवंटन का मुद्दा सदन में उठाने का प्रयास किया लेकिन आसन से अनुमति नहीं मिलने पर उन्होंने सदन से वाकआउट किया जिसके बाद सदन में कामकाज सुचारू तरीके से हुआ।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय बजट में कई राज्यों के साथ ''भेदभाव' से जुड़े विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए बुधवार को लोकसभा में कहा कि इसमें सभी प्रदेशों और वर्गों का ध्यान रखा गया है तथा जनता के लिए आज भी 'मोदी की गारंटी' कायम है। वर्ष 2024-25 के लिए बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद विप्लव कुमार देव ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में पारदर्शी आर्थिक व्यवस्था लागू की गई है।

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट को 'कुर्सी बचाओ और जुमला बजट' करार देते हुए बुधवार को कहा कि इस बजट में सिर्फदो राज्यों बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहबरानी की गई है, लेकिन देश के अन्य राज्यों, किसानों और गरीबों की अनदेखी की गई है। वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने यह दावा भी किया कि 'कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ' इस सरकार का आखिरी नारा है। गुजरात में चांदीपुरा वायरस से अब तक 37 बच्चों की मौत होने का दावा करते हुए कांग्रेस की सांसद गनीबेन नगाजी ठाकोर ने केंद्र सरकार से इस विषाणु के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए जल्द से जल्द सख्त कदम उठाने की मांग की और कहा कि इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो दोबारा कोरोना महामारी जैसी भयानक स्थिति पैदा हो सकती है।

## संपादकीय

# ऑनलाइन स्टडी के चलते घबराहट और तनाव के शिकार होते बच्चे



संजय त्यागी 'महादेव'

देखा जाए तो कोरोना के बाद से बच्चों में डिप्रेशन और एंजाइटी का रोग तेजी से बढ़ता जा रहा है। कोरोना की दहशत के हालात, लॉकडाउन, वर्क फ्राम होम और बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के साइड इफेक्ट सामने आने लगे हैं। ऑनलाइन स्टडी के चलते बच्चें मोबाइल के अधिकांश इस तरह के ऐप्स से रुबरु होने लगे जो बालपन को कहीं ना कहीं सीधे सीधे प्रभावित करने लगा। एक और जहां चाहे-अनचाहे आनलाइन गेमों की बच्चों में लत लगी वहीं सोशियल मीडिया साइट्स भी बच्चों में लत के रुप में लगने के साथ ही बच्चों के दिलों दिमाग पर नकारात्मक प्रभाव ड़ालने में सफल रही है। देखा जाए तो खेल खेल में बच्चें ना चाहते हुए भी तनाव और एंजाइटी के दौर में प्रवेश कर गए हैं। बदलती जीवनशैली और सामाजिक आर्थिक सिनेरियों में सर्दी जुकाम की तरह एंजायटी यानी कि घबराहट और डिप्रेशन यानी कि अवसाद आज के बच्चों में आम होता जा रहा है। जानी मानी साइक्रेट्रिक मैगजीन जामा साइक्रेट्री में हालिया प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मनोवैज्ञानिकों ने अध्ययन के दौरान 11 से 15 साल के बच्चों के बीच अध्ययन किया और खासतौर से यह समझने की कोशिश की गई कि जिस तरह से सर्दी जुकाम संक्रामक बीमारी है और एक से दूसरे में फैल जाती है उसी तरह से एंजायटी या डिप्रेशन भी एक बच्चे से दूसरे बच्चे को प्रभावित कर सकता है क्या? अध्ययन में पाया गया कि घबराहट या एंजाइट प्रभावित बच्चें के लक्षण साथ वाले बच्चें में भी विकसित होने के देखे गए हैं। यह अध्ययन भी एक दो नहीं बल्कि सात लाख बच्चों में किया गया है। चिंता की बात यह है कि सर्दी जुकाम संक्रामक रहा है व संपर्क में आने वालों को गिरफ्त में लेने की प्रबल संभावनाएं रहती है, लगभग यही हालात एंजाइटी और डिप्रेशन को लेकर देखी जाने लगी है। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि फिनलैंड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के अध्ययन में यह साफहुआ है कि छह में से एक व्यक्ति बैचेनी यानी कि एंजायटी से प्रभावित रहने लगा है। कोरोना के बाद इस तरह के मरीजों की संख्या में 60 फीसदी तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है।

यदि अध्ययन कर्ताओं की मानें तो कोविड 19 अर्थात् कोरोना के बाद हालात तेजी से विकट हुए हैं। खासतौर से पैसों वालों व बुजुर्गों की बीमारी से बच्चें प्रभावित होने लगे हैं। बैचेनी, घबराहट, हाथों में कंपन, नींद ना आना, चिडचिडापन, तनावग्रस्त, कुंठा आदि लक्षण दिखने लगते हैं। इससे बच्चों में नकारात्मकता भी आती जा रही है। अधिक चिंता की बात यह है कि यह बीमारी बच्चों में संक्रामक रोग की तरह फैलती जा रही है। कोराना के लॉकडाउन के साथ ही पेरेंट्स की अंधी प्रतिस्पर्धा और अधिक से अधिक पाने की लालसा, बच्चों के बीच परस्पर सहयोग, समन्वय, मित्रता, सहभागिता के स्थान पर संवेदनहीनता और गलाकाट प्रतिस्पर्धा के परिणाम सामने आने लगे हैं। बच्चों में कुंठा तो आम होती जा रही है। रही सही कसर सोशियल मीडिया ने पूरी कर दी है। सोशियल मीडिया जो परस्पर संवाद का माध्यम बन सकता है चह तनाव का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। लाइक अनलाइक और कमेंट्स बालमन को नकारात्मक रुप से प्रभावित करता जा रहा है। ऑनलाइन अध्ययन के चलते बच्चों में मोबाइल का शोक लग गया है और उसका नकारात्मक असर वीडियो गेम्स के रुप में देखा जा सकता है जो बच्चों को गेम के चक्कर में डिप्रेशन में जाते हुए देखा जा सकता है। गेम्स बच्चों में तनाव का कारण बनते जा रहे हैं। ओटीटी प्लेटफार्म भी अपना असर दिखाता जा रहा है। रील्स का तो कहना ही क्या? लगता है बच्चों के बालमन को नकारात्मक रुप से प्रभावित करने वाले सभी कारक सामने आते जा रहे हैं। शिक्षण संस्था हो या परिवार खासतौर से एकल परिवार के हालात हालात और भी गंभीर करते जा रहे हैं। हालात यहां तक होते जा रहे हैं कि बच्चें आक्रामक होते जा रहे हैं। बात बात पर झगड़ना या इस तरह का रिएक्शन की सामने वाला कोई भी हो लिहाज तो कहीं देखने को ही नहीं दिखता। मानों बालपन तो कहीं दिखाई नहीं देने लगा है।

समाज विज्ञानियों के सामने यह गंभीर समस्या दस्तक दे रही है। हालात बद से बदतर हो उससे पहले ही समस्या की गंभीरता को समझना होगा। दादा-दादी और नाना-नानी कहीं पीछे छूट रहे हैं, पेरेंट्स अवकाश भी परिवार के साथ बिताने के स्थान पर कहीं घूमने जाना पसंद करने लगे हैं जिससे परिवार और परिवार से मिलने वाले संस्कार खोते जा रहे हैं। एकल परिवार और एक ही बच्चें के कारण कई पारिवारीक संबंध तो इतिहास की बात बन जाएं तो कोई असंभाव्यता नहीं होगी। हालात दिन प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं और इसके परिणाम आए दिन सामने आते जा रहे हैं। अत्यधिक तनाव के कारण बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाते देखा जा रहा है। वहीं बदले की भावना, बात बात में गुस्सैल होना, तुनक मिजाजी आदि तो बस पूछो ही मत। अत्यधिक महत्वाकांक्षा भी तनाव का कारण बनती जा रही है। फिर दूसरे के बच्चों की उन्नति से अपने बच्चें को प्रेरित करने के स्थान पर इस तरह का रिएक्शन देना कि बच्चा प्रोत्साहित होने के स्थान पर निरुत्साहित होने लगे हैं। ऐसे में समाज विज्ञानियों और मनोविज्ञानियों के सामने अधिक चुनौती पूर्ण समय आ गया है। समय रहते इसका समाधान खोजना ही होगा नहीं तो दुनिया के देशों में जिस तरह से बच्चों को छोटी उम्र में ही हिंसक होते देखा जा रहा है उसमें कमी होने के स्थान पर गंभीरता पूर्वक हालात बदतर ही होंगे। इसका समाधान खोजना होगा नहीं तो आने वाली पीढ़ी किसी भी हालत में हमें माफ नहीं करेगी।

दरअसल यह समस्या इसलिए और अधिक गंभीर हो जाती है कि संक्रामक रोग की तरह इसके असर देखे जा रहे हैं। कहते हैं ना कि संगत का असर पड़ता है तो यह सीधे सीधे साथ वाले बच्चों को प्रभावित करने लगा है। लाख प्रयासों के बावजूद बच्चों का बालसुलभ मन कहीं खोता जा रहा है। यह समाज के लिए बडी चुनौती है और इसका समाधान घर से ही खोजना होगा।

# जिले में कार खाई में गिरने से दो लोगों की मौत, तीन घायल

हिमाचल प्रदेश में शिमला जिले के रोहडू उपमंडल में एक कार के 200 मीटर गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात ये लोग रोहडू से शिमला जा रहे थे कि इसी दौरान समरकोट-सुंगरी लिंक रोड पर यह दुर्घटना हुई। पुलिस के अनुसार चालक का वाहन से नियंत्रण खोने से कार खाई में जा गिरी। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गये लोगों की पहचान बिलासपुर जिले के भोजपुर गांव निवासी लक्की शर्मा और सोलन जिले के अर्की के नवगांव गांव निवासी इशांत (23) के रूप में की गई है। इसने बताया कि तीन घायलों को रोहडू नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिमला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजीव कुमार गांधी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 281 (लापरवाही से वाहन चलाना), 125 (ए) (लापरवाही से वाहन चलाकर चोट पहुंचाना) और 106 (1) (लापरवाही के कारण होने वाली मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# समग्र फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ समापन

युरेशिया संवाददाता




मेरठ। साप्ताहिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (थ्क्क्) के अंतिम दिन संलग्न और समृद्ध सत्र के साथ संपन्न हुआ। यह प्रोग्राम राहुल सांकृत्यायन सुभारती स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स एंड फॉरेन लैंग्वेजेज, फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंसेज, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आयोजित किया गया। ष्समग्र फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम रू परंपरा और नवाचार का पुलष् शीर्षक के तहत, इस कार्यक्रम ने शिक्षकों और विशेषज्ञों को एकत्रित किया ताकि वे नवीन शिक्षण पद्धतियों की खोज कर सकें और पारंपरिक शैक्षणिक दृष्टिकोणों को मान्यता दे सकें। परंपरा और नवाचार का यह अद्वितीय मिश्रण पूरे सप्ताह का केंद्रीय विषय रहा, जिसका उद्देश्य फैकल्टी डेवलपमेंट के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करना था। दिन की गतिविधियों की शुरुआत प्रो. राहुल बंसल, प्रमुख, सामुदायिक चिकित्सा विभाग, सुभारती मेडिकल कॉलेज के एक सटीक भाषण से हुई, जो तनाव प्रबंधन पर केंद्रित था। प्रो. बंसल के भाषण ने मानसिक कल्याण बनाए रखने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों को उजागर किया और यह भी बताया कि तनाव प्रबंधन फैकल्टी प्रदर्शन और संपूर्ण संस्थान की उत्पादकता को बढ़ाने में कितना महत्वपूर्ण है।

यूनियन बैंक के रीजिनल ऑफिसर मिस्टर राणा संग्राम सिंह ने कहा कि एक शिक्षक ही विद्यार्थी जीवन को गढ़ता है

तथा उसे संवारकर एक मजबूत ईमानदार और अच्छा इंसान बनाता है। डॉ. सुधीर त्यागी, फैकल्टी ऑफआर्ट्स एंड सोशल साइंसेज के संकाय अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया, जिससे दिन की कार्यवाहियों के लिए एक गर्म और सहकारी स्वर निर्धारित किया गया। डॉ. त्यागी ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक स्वागत किया और फैकल्टी सदस्यों के लिए निरंतर पेशेवर विकास के महत्व पर जोर दिया।

प्रतिकुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन के भाषण ने और भी समृद्ध किया और यह भी बताया कि इस तरह के कार्यक्रम विश्वविद्यालय के व्यापक दृष्टिकोण के साथ कैसे मेल खाते हैं। सत्र का समापन डॉ. सीमा शर्मा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. सीमा शर्मा संयोजक, डॉ. मनीषा लुथरा सह-संयोजक, डॉ. रफ्त खानम, प्रो. राजेश्वर पाल, डॉ. यशपाल शर्मा, सुश्री स्वाती शर्मा, डॉ. रणवीर सिंह, डॉ. आशीष कुमार 'दीपांकर', डॉ. फरहा हाशमी और डॉ. निशि राघव, सुश्री स्वाती शर्मा, डॉ. सपना, डॉ. अल्पना, डॉ. जावेद, डॉ. मोनिका मेहरोत्रा, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. निशि राणा, डॉ. नियति गर्ग, डॉ. मनोज त्रिपाठी, डॉ. उमेश, अमृता, सबा आजमी, अमिता चौधरी, रूबी पाल, डॉ.दुर्गेश राणा, डॉ. नीरू सिंह, डॉ. भुनेश, भावना, शोधार्थियों में प्राची, शालिनी एम.ए.की छात्रा अपुर्वी मित्तल, छवि चौधरी इत्यादि सम्मलित रहे।

## केंद्रीय बजट 2024-25 में 9 बुनियादी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित

# युवाओं को कौशल दक्षताओं से लैस कर,गुणवत्ता बढ़ाना विकसित भारत की राह में मिल का पत्थर साबित होगा- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया



एड किशन भवानी

कर विशेषज्ञ

### विकसित भारत का दर्जा पानें युवाओं में कौशल कार्यबल से नवाचार व उत्पादकता को बढ़ावा देना जरूरी







गोंदिया - वैश्विक स्तरपर सारी दुनियां की नजरे भारत के 23 जुलाई 2024 को पेश हुए बजट पर लगी हुई थी।मेरा मानना है कि मानवीय जीव का ऐसा स्वभावी होता है कि वह हर मौके पर अपना लाभ सुख सुविधा देखने में अधिक रुचि रखते हैं, याने कोई भी कार्य अगर वे करते हैं या होता है तो, वे सोचते हैं कि इसमें मेरा क्या फायदा होगा? वह कार्य देने वाला भी सोचता है कि इसे यह कार्य देने में मेरा क्या फायदा होगा? तो मुझे क्या मिलेगा? बस इसी सोच पर दिक्कत हो जाती है और ऐसी सोच से परिवार,समाज जिला,राज्य व राष्ट्रीय स्तरपरआगे बढ़ाने की सोच छूट जाती है। यह बात आज हम इसलिए कर रहे हैं कि 23 जुलाई 2024 को पेश हुए बजट में सारी दुनियां सहितभारत के भी करीब करीब हर क्षेत्र की नजरें लगी हुई थी कि उन्हें क्या मिलता है? जबकि कुछ ऐसे लोग भी हैं जो यह सोच रखते हैं कि हमारे जिले राज्य व राष्ट्र को क्या मिलेगा ?विकसित भारत विजन 2047 के रोडमैप में कितना एलोकेशन हुआ, राज्य के विकास में कितना फंड मिला, भारत की बेरोजगारी को जड़ों से काटने के लिए कौशलता विकास में कितना फंड आया, व उसके डेवलपमेंट में क्या रणनीति तैयार हुई? अगर आज हम यह सोचते हैं तो बिल्कुल सही दिशा में जा रहे हैं। आज हमारा भारत एक ऐसा युवा देश है जिसकी करीब 65प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है उसमें भी बहुत अधिक आबादी 28 वर्ष के आसपास है, इसलिए इस युवा पीढ़ी को कौशलता की दक्षता से लैस कर अंतरराष्ट्रीय स्तर वाली गुणवत्ता बढ़ाना हमारी प्राथमिकता होना चाहिए, जिससे हमें विकसित राष्ट्र बनने में सुगमता होगी, जिसकी तैयारी 23 जुलाई 2024 को पेश हुए बजट 2024-25 में दिखी जिसमें 9 बुनियादी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो तारीफे काबिल है। चूंकि युवाओं को कौशल दक्षताओं से लैस कर गुणवत्ता बढ़ाना विकसित भारत की राह में मील का पत्थर साबित होगा इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, केंद्रीय बजट 2024-25 में 9 बुनियादी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित

साथियों बात अगर हम बजट 2024-25 में रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने की करें तो, सरकार ने रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत पैकेज उजागर किया है, जिसका लक्ष्य पाँच वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं को शामिल करना है। इसमें रोजगार सृजन को बढ़ाने और कर्मचारियों और नियोक्ताओं को समर्थन देने के लिए रोजगार से जुड़ी तीन प्रोत्साहन योजनाएँ शामिल हैं। स्कीम (ए)-फर्स्ट टाइमर ईपीएफओ के साथ पंजीकृत पहली बार के कर्मचारियों को तीन किस्तों में 15,000 रुपए तक की पेशकश करती है, जिससे प्रवेश करने वाले नए कार्यबल को प्रोत्साहन मिलता है।

स्कीम (बी)-विनिर्माण में रोजगार सृजन, रोजगार के पहले चार वर्षों में कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों के लिए ईपीएफओ अंशदान के लिए प्रोत्साहन प्रदान करता है, जिससे विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलता है। स्कीम (सी) - नियोक्ताओं को सहायता,प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए ईपीएफओ अंशदान के लिए दो साल के लिए प्रति माह ?3,000 तक की प्रतिपूर्ति करती है,जिससे नियोक्ताओं पर वित्तीय बोझ कम होता है और कार्यबल विस्तार को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा, इंटर्नशिप के लिए एक नई योजना 500 शीर्ष कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं के लिए अवसर प्रदान करेगी, जिससे उन्हें उद्योग में खुलने का और मूल्यवान अनुभव मिलेगा।

साथियों बात अगर हम बजट 2024-25 में रोजगार क्षमता बढ़ाने में कौशल विकास की मजबूत प्रतिबद्धता की करें तो,भारत सरकार ने रोजगार क्षमता बढ़ाने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न व्यापक पहलों के माध्यम से कौशल विकास के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है। केन्द्रीय बजट 2024-25 के तहत, एक उल्लेखनीय विशेषता राज्य सरकारों और उद्योग के सहयोग से प्रधानमंत्री पैकेज के तहत एक नई केन्द्र प्रायोजित योजना की घोषणा है। इस योजना का उद्देश्य पाँच वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रदान करना और 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को उन्नत करना है।

इसके अतिरिक्त, मॉडल कौशल ऋण योजना को संशोधित किया जाएगा ताकि सरकार की गारंटी के साथ 7.5 लाख रुपए तक के ऋण की सुविधा दी जा सके, जिससे सालाना 25,000 छात्रों को लाभ होगा।

ऐसे लोग जो मौजूदा योजनाओं का लाभ लेने के योग्य नहीं हैं, उन्हें घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए रूपये 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें ई-वाउचर प्रत्येक वर्ष 1 लाख छात्रों के लिए 3 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर में छूट प्रदान करेंगे।इन नए उपायों के अनुरूप, सरकार स्थापित कार्यक्रमों का समर्थन करना जारी रखती है। कौशल विकास और उद्यमिता पर राष्ट्रीय नीति (एनपीएसडीई) अंतराल को पाटने, उद्योग की भागीदारी में सुधार करने और प्रशिक्षुता के अवसरों का विस्तार करने के लिए जारी है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) ने 2015 से 1.42 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को सफलता पूर्वक प्रशिक्षित किया है, जिसमें 1,000 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को कौशल भारत केन्?द्रों के रूप में जोड़ा गया है। 14,955 आईटीआई के साथ शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) दीर्घकालिक व्यावसायिक प्रशिक्षण पर ध्यान केन्द्रित करती है, जिसमें महिला भागीदारी में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) गैरध्नव-साक्षरों को लक्षित करता है, जिसने वित्त वर्ष 19 से वित्त वर्ष 24 तक 26.36 लाख व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया है, जिसमें 82 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। साथियों बात अगर हम केंद्रीय बजट 2024-25 में 9 बुनियादी प्राथमिकताओं की करें तो,केन्द्रीय बजट 2024-25 में नौ बुनियादी प्राथमिकताओं पर ध्यान केन्द्रित करके विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए एक व्यापक रणनीति की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए प्रचुर अवसर पैदा करना है। साथ ही साथ, ये पहल भारत को एक विकसित राष्ट्र का दर्जा दिलाने के लिए तैयार की गई हैं।(1)कृषि में उत्पादकता और लचीलापन (2)रोजगार और कौशल (3) समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय(4) विनिर्माण और सेवाएँ(5)शहरी विकास (6)ऊर्जा सुरक्षा (7) बुनियादी ढांचा (8) नवाचार, अनुसंधान और विकास तथा (9) अगली पीढ़ी के सुधार, कौशल और रोजगार को प्राथमिकता देने वाला 2024-25 का केन्द्रीय बजट राष्ट्र निर्माण में इन पहलुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है।

कौशल कार्यबल को उद्योग की मांगों को पूरा करने, नवाचार और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक दक्षताओं से लैस करता है।

रोजगार न केवल आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करता है बल्कि व्यक्तियों को सशक्त बनाता है, उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है

और समाज की समग्र प्रगति में योगदान देता है।सबसे युवा आबादी में से एक, 28 वर्ष की औसत आयु के साथ, भारत एक ऐसे कार्यबल का पोषण करके अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग कर सकता है जो रोजगार योग्य कौशल से लैस हो और उद्योग की जरूरतों के लिए तैयार हो। भारत की तेजी से बढ़ती आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु का है और कई लोगों में आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल का अभाव है। अनुमानों के अनुसार लगभग 51.25 प्रतिशत युवा रोजगार के योग्य माने जाते हैं। हालांकि, यह ध्यान देने वाली बात है कि पिछले दशक में यह प्रतिशत लगभग 34 प्रतिशत से बढ़कर 51.3 प्रतिशत हो गया है।

साथियों बात अगर हम बजट 2024-25 में संशोधित मॉडल कौशल ऋण योजना की करें तो,भारत सरकार ने रोजगार क्षमता बढ़ाने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न व्यापक पहलों के माध्यम से कौशल विकास के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है। केन्द्रीय बजट 2024-25 के तहत, एक उल्लेखनीय विशेषता राज्य सरकारों और उद्योग के सहयोग से प्रधानमंत्री पैकेज के तहत एक नई केन्द्र प्रायोजित योजना की घोषणा है। इस योजना का उद्देश्य पाँच वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रदान करना और 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को उन्नत करना है।इसके अतिरिक्त, मॉडल कौशल ऋण योजना को संशोधित किया जाएगा ताकि सरकार की गारंटी के साथ 7.5 लाख रुपए तक के ऋण की सुविधा दी जा सके, जिससे सालाना 25,000 छात्रों को लाभ होगा। ऐसे लोग जो मौजूदा योजनाओं का लाभ लेने के योग्य नहीं हैं, उन्हें घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपए तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें ई-वाउचर प्रत्येक वर्ष 1 लाख छात्रों के लिए 3 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर में छूट प्रदान करेंगे।इन नए उपायों के अनुरूप, सरकार स्थापित कार्यक्रमों का समर्थन करना जारी रखती है। कौशल विकास और उद्यमिता पर राष्ट्रीय नीति (एनपीएसडीई) अंतराल को पाटने, उद्योग की भागीदारी में सुधार करने और प्रशिक्षुता के अवसरों का विस्तार करने के लिए जारी है। पीएम कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) ने 2015 से 1.42 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है, जिसमें 1,000 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को कौशल भारत केन्?द्रों के रूप में जोड़ा गया है। 14,955 आईटीआई के साथ शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) दीर्घकालिक व्यावसायिक प्रशिक्षण पर ध्यान केन्?द्रित करती है, जिसमें महिला भागीदारी में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) गैरध्नव-साक्षरों को लक्षित करता है, जिसने वित्त वर्ष 19 से वित्त वर्ष 24 तक 26.36 लाख व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया है, जिसमें 82 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं शामिल भी हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि केंद्रीय बजट 2024-25 में 9 बुनियादी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित विकसित भारत का दर्जा पानें युवाओं को कौशल कार्यबल से नवाचार व उत्पादकता को बढ़ावा देना जरूरी।युवाओं को कौशल दक्षताओं से लैस कर,गुणवत्ता बढ़ाना विकसित भारत की राह में मिल का पत्थर साबित होगा।

# वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया सरकार को बचाने वाला बजट- ठाकुर अंकित पंवार

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए गए देश के सालाना बजट पर अपनी प्रक्रिया देते हुए समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव ठाकुर अंकित पंवार ने कहा कि यह बजट सरकार को बचाने वाला बजट है, जिसमें केंद्र सरकार के द्वारा अपने सहयोगी दलों को खुश करने के अलावा आम जनता के लिए कुछ खास नहीं है। उन्होंने कहा कि पेश किए गए बजट को जानकार ऐसा लगता है मानों यह बजट नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को खुश करने के लिए पेश किया गया बजट है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपने सहयोगियों को खुश करने की कोशिश कर रही है हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार के वादे के बाद अब देश की जनता को नया जुमला दिया गया है जिसमें 4 करोड़ रोजगार देने की घोषणा की गई है। वहीं किसानों को एमएसपी की गारंटी नहीं दी गई, 2022 तक किसानों की आय दुगनी करने का मजाक अब इस बजट के द्वारा और दुगना कर दिया है। अंकित पंवार ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए गए बजट में दवाईयां, शिक्षा , किसानों,और नौजवानों को लेकर कोई सोच नहीं दिखती। इसमें गरीबों के प्रति कोई चिंता नहीं दिखती। यह बजट गरीबों की शिक्षा को और आगे ले जाने का कोई मॉडल नहीं है। उन्होंने कहा कि युवाओं को उम्मीद थी कि अग्निवीर योजना को ख़त्म करके सेना में पुरानी भर्ती बहाल की जाएगी लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

# थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग के 07 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

## कब्जे से चोरी की गयी 10 मोटरसाइकिल व 02 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद

प्रदीप धीमान



सहारनपुर। थाना सदर बाजार पर वादी पराग पंवार निवासी ग्राम सांचलू थाना रामपुर मनिहारान द्वारा एक लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोरों के द्वारा उसकी मोटर साइकिल न. न्च् 11ठॅ9711 चोरी हो जाने क सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0-404ध्24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना का तत्काल संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए, जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण 1. राहुल पुत्र सन्दीप नि0 ग्राम अहमदपुर थाना रामपुर मनिहारान 2. सागर पंवार उर्फ सावन पुत्र स्व0 सुरेन्द्र नि0 ग्राम पिलखनी थाना रामपुर मनिहारान 3. रोहित कुमार पुत्र सुभाष नि0 ग्राम बागाखेडी थाना रामपुर मनिहारान 4. दीपक पुत्र गोपीचन्द नि0 ग्राम पहासू थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर को नवादा रोड पर ग्राम फ्तेहपुरजट्ट के पास से 02 चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की गयी मोटर साइकिल न. न्च्11ठॅ 9711 स्पेलण्डर प्लस (रंग सिल्वर) व अन्य मोटरसाईकिल स्पलेन्डर प्लस (न्च्11 ठब् 5589) (रंग सिल्वर) थाना सदर बाजार पर पंजीकृत मुकदमा सं0 285ध्24 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित पायी गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगण की निशानदेही पर ग्राम फ्तेहपुरजट्ट रोड पर बन्द पडे ईट भट्टे में बने कमरे से अलग-अलग स्थानो से चोरी की गयी 08 अन्य मोटर साइकिल बरामद हुई जिनकी निगरानी कर रहे अभियुक्त 5. आसू पुत्र आबिद नि0 ग्राम मोहनपुर गाडा थाना रामपुर मनिहारान 6.मोहित कश्यप पुत्र बिट्टू नि0 ग्राम भांकला थाना रामपुर मनिहारान 7.दीपक कश्यप पुत्र भागमल नि0 ग्राम भांकला थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर को मौके से गिरफ्तार किया गया व इनके अन्य 03 साथी जंगल का फायदा उठाकर मौके से भाग गये जिनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सदर बाजार पर मु0अ0स0-407ध्24 धारा 317 (5) बीएनएस पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 सूबे सिंह, उ0नि0 देवेन्द्र अधाना, उ0नि0 मौ0 जहांगीर, उ0नि0 राहुल शर्मा, उ0नि0 सुशील कुमार, है0का0 नितिन, है0का0 ललित, हे0का0 नरेश, है0का0 सचिन, का0 नवीत, का0 सुमित, का0 विशाल शामिल रहे।

## एक नजर..

## विधायक मुकेश चौधरी नें तीन करोड़ की लागत से बनी ठोकरों का किया शुभारम्भ



नाथी सहल /यूरेशिया

चिलकाना । विधानसभा नकुड़ से विधायक मुकेश चौधरी नें क्षेत्र के ग्राम टोडरपुर भुकडी मे यमुना किनारे तीन करोड की लागत से निर्मित ठोकरो के निर्माण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया और बूढी यमुना मे आये जल से हुए नुकसान को देखने के लिए मोके पर उपजिलाधिकारी श्री युवराज सिह , अधिशासी अभियन्ता श्री रामबाबू सिह , थाना प्रभारी चिलकाना को साथ लेकर गाव पंचकुआ, गाव अल्हानपुर, गांव टोडरपुर भूखडी, गाव लालवाला का दौरा कर किसानो की समस्या से अधिकारियो को अवगत कराया और मोके पर ही अधिकारियो को जल्द से जल्द समाधान के लिए निर्देशित किया

इस मोके पर रामकुमार पचकुआ , सुमेर कपिल,देवी सिंह,संजय प्रधान,अजब सिंह, रमेश प्रधान,राजबीर प्रधान,डॉक्टर परमोद,कन्हैया चेयरमैन,सनी लाला,सोनू पंचकूआ,भीम पंचकुआं,रविंद्र पंचकुआ,प्रमोद मास्टर,संदीप मास्टर,वेदप्रकाश आल्हानपुर, निर्दोष प्रधान , यशवीर आल्हानपुर,मास्टर बिशंबर, रफ्ल आल्हानपुर,सतपाल सैनी,जयपाल ललवाला,रफ्ल आर्य लालवाला,मैनपाल सिंह पंचकुआ,मांगा पंचकुआ,भोपाल टोडरपुर,चरण सिंह टोडरपुर,मेनपाल भूकड़ी, राहुल चौधरी , सागर टोडरपुर, आदि मौजूद रहे !!

## सरसावा शुगर मिल के मन्दिर चल रही श्री शिवमहापुराण के चतुर्थ दिवस मे कथा कहते हुये आचार्य कुलदीप दीक्षित जी ने शिवलिंग के प्राकट्य की कथा को सुनाया



शक्ति चौधरी/यूरेशिया

सरसावा। शिवमहापुराण कथा कहते हुए बताया कि विष्णु जी और ब्रह्मा जी मे युद्ध हुआ की मै श्रेष्ठ हू मै श्रेष्ठ हू तो उसी समय एक ज्योती पुंज के रूप मे प्रकट हुई और साथ ही आकाशवाणी हुई की जो इस ज्योती के अन्त को ढूड लेगा वही श्रेष्ठ होगा तो विष्णु जी ने हार मान ली और ब्रह्मा जी ने झूठ बोल दिया कि मुझे इस ज्योती का अन्त मिल गया है तो उसी समय उस ज्योती से भगवान शिवका प्राकटय हुआ और ब्रह्मा जी के झूठ बोलने पर भैरव बाबा ने ब्रह्मा जी का पांचवा शीश काट दिया और कहा की भगवान शिव इतने भोले है की एक लोटा जल चढाने से ही प्रसन्न हो जाते है इसलिये इस श्रावण मास मे जितना भी हो सके शिव उपासना मे समय बिताऐ कहा की हमारे पास मोबाईल फोन को देखने का समय तो है परन्तु अगर कही कथा किर्तन या भजन हो रहा हो तो वहाँ 2 मिन्ट बैठने बिल्कुल भी समय नही है आचार्य जी ने कहा अभी करलो इसी मनुष्य योनि मे जो भी धर्म का कार्य करना है वरना फिर कुछ नही पायेगा राम नाम की लूट है लूट सके तो लूट अन्तकाल पछतायेगा जब प्राण जायेंगे छूट क्योकी ये समय दिन प्रतिदिन काल के मुख मे जा रहा है और हम धर्म करने के तारीख लगा देते है जितना भी हो सके इस महिने मे शिवोपासना करने से मिलता है मोक्ष कथा से पूर्व आचार्य राहुल कृष्णन द्वारा गणेशादि की पूजा कराई जिसमे यजमान मनोज चौधरी प्रियंका राधे राधे अंजुल चौधरी संयोगिता आदि मौजूद रहे

# कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए मण्डलायुक्त ने लॉन्च किया पोर्टल

## एक क्लिक पर मिलेगी समस्त आवश्यक सुविधाओं की जानकारी

अरविन्द चौहान



सहारनपुर ।कांवड यात्रा 2024 को सकुशल एवं सुविधाजनक सम्पन्न कराने हेतु मण्डलायुक्त डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान, नगर आयुक्त संजय चौहान की उपस्थिति में कांवड यात्रियों की सुविधा के लिए वैब पेज लिंक एवं क्यूआर कोड का लोकार्पण किया।

मण्डलायुक्त डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि जिलाधिकारी सहारनपुर एवं इनकी टीम द्वारा विकसित किया गया वैब पेज लिंक एवं क्यूआर कोड कांवड़ यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत बहुत की सराहनीय कार्य है। उन्होने बताया कि इस लिंक को गूगल मैप से जोडा गया है। इसके माध्यम से कांवडियों को अपने नजदीकी शौचालय, चिकित्सा शिविर, पानी एवं पैट्रोल स्टेशन, ढाबा एवं रेस्टोरेंट, थाना चौकी, रूट डायवर्जन एवं कांवड शिविर सहित हेल्पलाईन नम्बरों की भी जानकारी श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होने इस कार्य के लिए जिलाधिकारी सहारनपुर एवं उनकी पूरी टीम की सराहना की।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि कांवड यात्रा के दौरान अन्य जनपदों एवं राज्यों के श्रद्धालु जनपद सहारनपुर से होकर गुजरते है। उन सभी को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराने हेतु यह पहल की गयी है। यह लिंक एवं क्यू आर कोड जनपद के मुख्य कांवड़ मार्ग, मैन चौराहों सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएंगे जिससे एक क्लिक या स्कैन करने पर कांवडियों को सभी सुविधाओं की जानकारी अपने मोबाईल पर प्राप्त हो जाएंगी। इसके माध्यम से कांवडियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी आसानी एवं जल्दी से किया जाएगा। जनपद में दी जाने वाली सुविधाओं के स्थलों को गूगल मैप पर भी प्रदर्शित किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा, जिला सूचना अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता सहित मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

## वार्ड नंबर 8 में पानी की निकासी ने होने पर गलियों में भरा रहता है पानी -वार्ड के लोग नगर पालिका में बैठे धरने पर



शक्ति चौधरी/यूरेशिया

सरसावा। वार्ड नं0 8 में पानी की निकासी न होने को लेकर अनेको सभासद के साथ मौहल्ले वासी नगरपालिका कार्यालय में धरने पर बैठे मोहल्ले वासियों के अनुसार कई वर्षो से गन्दे पानी मे रहने को मजबूर अनेको बार पालिका में कहने के बाद पानी की निकासी का अभी तक कोई समाधान नही हुआ ।

मौहल्ले वासियों ने पालिकाध्यक्षा पर आरोप लगाते हुए कहा बुलाने के बाद भी धरने पर नही पहुंची पालिकाध्यक्षा मोहल्लेवासी इस बात को लेकर भी नाराज

उन्होंने कहा हम भी इसी नगर के वासी है हमे भी जीने का अधिकार है तो हमारे साथ भेदभाव क्यों है और सभी ने समस्या का समाधान या कोई ठोस आश्वासन नही मिलने तक धरने पर बैठने का निर्णय लिया।

## पुरानी पेंशन को शिक्षकों ने जमा किये विकल्प पत्र



मोमीन अली/यूरेशिया

नागल। बुधवार को प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर जमा कराए गए। ब्लॉक अध्यक्ष स्वतंत्र चौधरी ने बताया कि शासनादेश के अनुसार एक अप्रैल 2005 के पश्चात नियुक्त शिक्षकों द्वारा तीन प्रतियों में बिल क्लर्क विष सैनी को विकल्प पत्र सौंपे गए।

इस दौरान सुनील कुशवाहा, लहरी सिंह, देशराज सिंह, परविंदर, अर्चना मेहरवाल, सोनी देवी, रेखा तोमर, सोनम रानी, प्रतिभा रानी, ब्रह्मपाल सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गंगोह में शोभित विश्वविद्यालय दिवस

## निशुल्क चिकित्सा शिविर,यज्ञ कर की विश्व शांति की प्रार्थना

अरविन्द चौहान



गंगोह/सहारनपुर। गंगोह में शोभित विश्वविद्यालय दिवस एवं नाइस सोसायटी के चौयरमेन डॉ0 शोभित कुमार जी का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,यज्ञ कर की विश्व शांति की प्रार्थना।

डॉ0 शोभित कुमार का जन्म दिवस प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्वविद्यालय दिवस पर सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने आदर्श विजेंद्र इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में चौयरमेन सर डॉ0 शोभित कुमार जी की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना व विश्वविद्यालय उन्नति हेतु हवन किया।इस अवसर पर कुंवर शेखर विजेंद्र आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर द्वारा एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमे लगभग 385 रोगियों में जिनमे 35 रोगियो का नेत्र परीक्षण, 80 का शुगर चेकअप तथा 24 मरीजों की ई.सी.जी. एवं 18 रोगियों के एक्स-रे किए गये। तत्पश्चात शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के जे.पी. माथुर ऑडिटोरियम में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे नृत्य, कविताएं, योगा प्रस्तुति जैसे अन्य कार्यक्रम शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूरे विधि विधान से शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के कुलपति प्रो.(डॉ0) रणजीत सिंह, कुलसचिव प्रो.(डॉ.) महिपाल सिंह, संस्था के केयर टेकर सूफी जहीर अख्तर, आमंत्रित अतिथि पूर्व प्राचार्य हिन्दू राष्ट्रीय इंटर कॉलेज गंगोह, अनिल कुमार मित्तल, ब्राइट फ्यूचर ग्रुप के निर्देशक सलामत खान व उपस्थित सभी गणमान्यों ने पुरे विधि-विधान से माँ सरस्वती एवं बाबू विजेंद्र कुमार जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना एवं विश्वविद्यालय कुलगीत पर छात्राओं द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रो.(डॉ.) प्रशांत कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्यों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के कुलपति प्रो.(डॉ0) रणजीत सिंह ने सर्वप्रथम डॉ0 शोभित कुमार जी को उनके जन्म दिवस एवं विश्वविद्यालय दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री कुंवर शेखर विजेंद्र जी द्वारा प्रेषित शुभकामना सन्देश को सभी के सम्मुख पढ़ा तथा सभी से ये अपेक्षा की कि प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सभी पूरी ऊर्जा व दृढ़ संकल्प के साथ नये सत्र का शुभारंभ कर विश्वविद्यालय की उन्नति के लिए कार्य करेंगे।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रो.(डॉ0) महीपाल सिंह ने भी डॉ0 शोभित कुमार जी को उनके जन्म दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कुलसचिव डॉ0 महीपाल सिंह ने कहा कि समस्त शोभित परिवार आपके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता है। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के केयर टेकर सुफी जहीर अख्तर जी ने सर्वप्रथम चेयरमैन डॉ0 शोभित कुमार जी को उनके जन्म दिवस पर अन्नय बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं समस्त शोभित परिवार के मंगलमय जीवन की कामना भी की।

कार्यक्रम के अंत में प्रो.(डॉ0) जसवीर सिंह राणा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्यों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया तथा विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज ग्राउंड पर एक मैत्रीपूर्ण मैच का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर शोएब हुसैन, डॉ0 ध्रुव, डॉ0 मीनाक्षी, डॉ0 भक्ति, आदेश कुमार, रितु शर्मा, अंशिका अग्रवाल, मुकेश कुमार, स्वाति राजौरा, दीपिका घई, सोनाली रॉव, प्रियांशी, जैनब खान, बलराम टाँक व वित्त-लेखा अधिकारी जसवीर आदि का विशेष योगदान रहा।

## विशेष शिविर में लिए शौचालय के आवेदन



मोमीन अली/यूरेशिया

नागल। पंचायत घर नागल में लगाए गए विशेष शिविर में शौचालय निर्माण हेतू आवेदन लिए गए।

ग्राम प्रधान सुधारानी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव में शौचालयों के निर्माण को विशेष शिविर लगाकर आवेदन लिए गए हैं। 31 आवेदकों ने अपने घरों में शौचालय न होने का दावा करते हुए आवेदन किया है। जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। ग्राम सचिव नैन सिंह सैनी ने कहा कि गांव में कुछ परिवार ऐसे भी हैं जहां शौचालय नहीं है इसके लिए विशेष शिविर लगाया गया है। बहुत जल्द आवेदकों के घरों में शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

इस दौरान राजकरण चौधरी, करण पाल, प्रदीप चौधरी, सोनू धीमान, वसीम, दीपक चौधरी, जुम्मा, सीटू चौधरी आदि रहे।

## अनस गुर्जर ने सरसावा के साथ साथ सहारनपुर का नाम रोशन किया,पेट्रोलियम मंत्रालय में ए ग्रेड अधिकारी बने

शक्ति चौधरी/यूरेशिया



सरसावा । सरसावा शुगर मिल में ड्राइवर के पद पर जॉब कर रहे मसरूफचौधरी के बेटे चौधरी अनस गुर्जर ने सरसावा इलाके और जिले का नाम रोशन कर दिया है, अनस का सिलेक्शन पेट्रोलियम मंत्रालय में ए ग्रेड ऑफिसर में हुवा है, गांव की मिट्टी में खेल और पढ़कर अनस इस मुकाम तक पहुंचे हैं, उनके चयन से जहां उनके गांव मंझार में खुशी का माहौल है वहीं इलाके भर के लोग अनस की मेहनत की मिसालें दे रहे हैं।

## दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल

**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

| | |
|---|---|
| मोनु कश्यप (जिला प्रभारी) | मो0: 8630402509 |
| प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी) | मो0: 9997171951 |
| अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी) | मो0: 9759693305 |
| मोनीन (नागल प्रभारी) | मो0: 9639221277 |
| अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी) | मो0: 9720509609 |
| नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी) | मो0: 6397074075 |
| नादिर (तहसील बेहट प्रभारी) | मो0 9870984665 |
| विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी) | मो0: 6396576517 |
| शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी) | मो0: 9719777268 |
| मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी) | मो0: 9675196324 |
| सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी) | मो0: 9758712680 |
| परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर) | मो0: 8410360786 |
| शौकीन अहमद (मिर्जापुर प्रभारी) | मो0 9720067900 |

# बिजली का तार टूटने से राहगीरों में मचा हाहाकार...

मनोज कंबोज/यूरेशिया



बिहारीगढ। दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे पर स्थित कस्बा बिहारीगढ़ में लगभग 3रू00 बजे अचानक विद्युत का तार टूट कर दुकानों व रास्ते में गिर गया जिससे दुकानदारों और राहगीरों में अफ्रा तफ्री मच गई। आपको बता दें कि कस्बा बिहारीगढ़ में बुग्गावाला चौक के समीप विद्युत लाइन जर्जर अवस्था में होने के कारण बाजार का विद्युत लोड सहन नहीं कर पाते और आए दिन तार टूटने की घटनाएं बाजार में होती रहती है और विद्युत विभाग लापरवाह बना किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार करता रहता है। लंबे समय से कस्बे के व्यापारी इन जर्जर तारों को बदलवाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी इस और ध्यान नहीं देता गनीमत रही की तार टूटने के कारण किसी भी जान माल की हानि नहीं हुई लोगों ने फोन के माध्यम से विद्युत कर्मचारियों को विद्युत तार टूटने की घटना के बारे में अवगत कराया तब जाकर लाइट की सप्लाई बंद की गई।

## धूमधाम से मनाया चन्द्रशेखर ,आजाद का 118वां जन्मदिवस



अश्वनी कुमार/यूरेशिया

बडगांव। क्षेत्र गांव शिमलाना में राष्ट्रीय परशुराम संघ के द्वारा चंद्रशेखर आजाद का 118वां जन्मदिवस धूमधाम के साथ प्रियांशु शर्मा के आवास पर मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंडित मुकेश शर्मा ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र के सममुख दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि अर्पित करके उनको नमन किया और उन्होंने चंद्रशेखर आजाद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और युवाओं से चंद्रशेखर के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान अमर वीर बलिदान ट्रस्ट के अध्यक्ष अंकित दीक्षित ने कहा कि हमें अमर वीर बलिदानियों को हमेशा याद रखना चाहिए अपने घरों में सभी वीर शहीदों के चित्र लगाने चाहिए और छोटे-छोटे बच्चों को वीर शहीदों की अमर गाथाएं सुननी चाहिए ताकि हमारे छोटे-छोटे बच्चों को देश के वीर शहीदों के बारे में पता चल सके। इस दौरान सुमित कौशिक, दीपक शर्मा, आर्यन शर्मा, जोगिंदर शर्मा, अनुभव शर्मा, प्रियांशु शर्मा, अमित शर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर..

### महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजन





युरेशिया संवाददाता

मेरठ। महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान हेतु मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, नंदग्राम, गाजियाबाद( उ0प्र0 ) से डॉ0 उपदेश वर्मा महाविद्यालय में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह एवं महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पूनम भंडारी ने अतिथि वक्ता को पौधा भेंट कर उनका महाविद्यालय में स्वागत किया। व्याख्यान का विषय "Starting Incubation Centres At Colleges: limitations and Prospects"रहा। डॉ. उपदेश ने छात्राओं को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि किस प्रकार कॉलेज में इनक्यूबेशन सेंटर्स की स्थापना के पश्चात छात्राएं लाभान्वित हो सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को नवोन्मेषी सोच एवं विचारों को आत्मसात करने हेतु अभिप्रेरित किया। व्याख्यान हेतु सभागार में 53 छात्राएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पूनम भंडारी ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान व गतिविधियां सत्र भर महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ के अंतर्गत चलती रहती हैं, जिनका उद्देश्य छात्राओं को नवोन्मेषी विचारों व नवाचार के प्रति अभिप्रेरित करने का रहता है। इस अवसर पर समिति की सोशल मीडिया प्रभारी डॉ. रिचा राणा व डॉ. एस0पी0 राणा का सहयोग एवं डॉ. राधा रानी व डॉ. पारुल मलिक की उपस्थिति सराहनीय रही।

### 31 जुलाई तक करें निषाद राज बोट सब्सिडी योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। प्रभारीध्मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने बताया कि वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अंतर्गत से मत्स्य पालकों एवं मछुआरा समुदाय के व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए आनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु दिनांक 01 जुलाई 2024 से 21 जुलाई 2024 तक विभागीय पोर्टल ीजजचरूध्ध्ीमतपमे.नच.हवअ.पद पर खोला गया था, पुनः 31 जुलाई 2024 तक बढा दिया गया है। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए जनपदीय कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण कमरा नं0-16, विकास भवन मेरठ से संपर्क किया जा सकता है।

### जिलाधिकारी व एसएसपी ने किया सलावा पुल, नानू का पुल व भोला की झाल कांवड मार्ग का निरीक्षण





युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जनपद में कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा व एसएसपी विपिन टांडा के द्वारा सलावा पुल,नानू का पुल व भोला की झाल कांवड मार्ग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मोदीपुरम चौकी से दुलहेड़ा चौकी तक पैदल मार्च कर व्यवस्थाओं को देखा। कांवड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत नानू का पुल, सलावा पुल तथा अन्य स्थानों पर प्रकाश तथा गोताखोर की पर्याप्त व्यवस्था करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद मेरठ से कावड़ श्रद्धालुओं की यात्रा सकुशल संपन्न कराई जा रही है।

इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल,अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 06 साप्ताहिक उद्यमिता एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित करने एवं उनमें हुनर विकसित करने हेतु दिनांक 23 जुलाई 2024 से 06 सासाहिक उद्यमिता एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ एमएसएमई विकास कार्यालय, भारत सरकार आगरा के उप निदेशक ब्रजेश यादव आईईडीएस ने बुधवार को रेलवे रोड़ स्थित जी-नेट इंस्टिट्यूट ऑफकम्प्यूटर एंड मोबाइल टेक्नॉलाजी में किया। उन्होनें प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज उद्यमिता का युग है और हमारे देश में संसाधनों और कच्चे माल की कोई कमी नहीं है। हम लोगों को अपने उत्पादों में मात्र बदलाव करने की जरूरत है इसके लिए हमारे युवाओं में हुनर की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को डेस्कटॉप पब्लिशिंग के क्षेत्र ( जैसे-विज्ञापन, स्कीन प्रिटिंग, इत्यादि ) की जानकारी देने के साथ-साथ प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने, लोन लेने के तौर तरीके, राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा स्वरोजगार स्थापति करने हेतु चलाई जा रहीं योजनाएँ जैसे प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना इत्यादि की जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम के उपरान्त सफ्ल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये जायेगें। उद्घाटन के अवसर पर सेन्टर प्रभारी शहजाद आलम, माजदा फातिमा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में 25 छात्र व छात्राएं भाग ले रही हैं।

### हम इस एल्बम के जरिए एक-दूसरे को समझने की कोशिश करना चाहते हैं- आरिफनकवी

# आरिफनकवी ने अपनी साहित्यिक सेवाओं से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है।- डॉ. नवदीप सिद्धू

### सीसीएसयू के उर्दू विभाग में श्अदबनुमाश् के तहत आरिफनकवी के ष्यादेंष् एल्बम का विमोचन- ऐसा लगता है कि इस एल्बम में एक संपूर्ण इतिहास और सभ्यता को शामिल किया गया है।- प्रो. सगीर अफ्राहीम आरिफनकवी ने भाषा, साहित्य और मानवता के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया है।- प्रो रेशमा परवीन



गौहर अनवार युरेशिया

मेरठ। जब मैं किसी व्यक्ति को देखता हूं तो सोचता हूं कि अगर मैं उसकी जगह होता तो मैं क्या करता, हमारे परिवार में कई लोग एक-दूसरे से बात नहीं करते पहल कौन करता है, इसका सभी को इंतजार रहता है. राजनीति में हम लोग एक दूसरे को दुश्मन समझने लगते हैं. कवि सोचता है कि मैं सबसे बड़ा कवि हूँ। हम इस एल्बम के जरिए एक-दूसरे को समझने की कोशिश करना चाहते हैं।श् ये शब्द थे जर्मनी के जाने-माने लेखक आरिफ नकवी के जो उर्दू विभाग,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय और इंटरनेशनल यंग उर्दू स्कॉलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित ष्आरिफनकवी के एल्बम यादें का विमोचन कार्यक्रमष् में अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत बीए ऑनर्स के छात्र अब्दुल कादिर ने पवित्र कुरान की तिलावत और तौफीक बिश्र ने नात पेश करके की। कार्यक्रम का संयोजन उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रो असलम जमशेदपुरी एवं गीतकार नवदीप सिद्धू, जर्मनी ने किया। डॉ. अक्षय भट्टाचार्य, जर्मनी, डॉ. असीम कादरी, बर्लिन, शाहिद सिद्दीकी, दिल्ली, रियाज शेख, बर्लिन, नरगिस युंत्रा, जर्मनी, बागबान इंट जर्मन के संपादक, जहूर अहमद, लोकप्रिय कवि और इमाम मस्जिद, बर्लिन, निदेशक तहरीक अदब, बनारस के डॉ. जावेद अनवर और आयुसा की अध्यक्षा प्रो. रेशमा परवीन ने ऑनलाइन भाग लिया। स्वागत भाषण डॉ. आसिफ अली, परिचय डॉ. इरशाद स्यानवी और संचालन विभाग के शोधार्थी इरफान आरिफ ने किया। धन्यवाद रिसर्च स्कॉलर सैयदा मरियम इलाही ने अदा किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ. इरशाद स्यानवी ने कहा कि बहुत कम हस्तियां ऐसी होती हैं जो अपनी साहित्यिक, राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षिक स्मृतियों को संजोकर रखती हैं। आरिफसाहब ने संबंधों को भी एल्बम के माध्यम से संजोया है जो नई पीढ़ी के लिए एक उपहार है। प्रो असलम जमशेदपुरी ने कहा कि आरिफनकवी को प्रगतिशील आंदोलन के संस्थापक सज्जाद जहीर के साथ देखना आश्चर्य और खुशी की बात है. इस एल्बम को तैयार करने में करीब डेढ़ साल का समय लगा। सभी चित्रों में से कुछ महत्वपूर्ण चित्रों का चयन करना एक बड़ा काम था लेकिन हमारा प्रयास एल्बम को बेहतर बनाने का था और हमने इस एल्बम को अपने तरह का संभवतः पहला एल्बम बनाने का भी प्रयास किया। यह एल्बम साबित करता है कि इंदिरा गांधी, डॉ. जाकिर हुसैन, राम नाइक, सुनील दत्त, वहीदा रहमान आदि के आरिफनकवी से कैसे संबंध थे। नरगिस युंत्रा ( आरिफनकवी की बेटी ) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस एल्बम की सुंदरता और महत्व के लिए प्रो असलम जमशेदपुरी की आभारी हैं। इस एल्बम में मेरे पिता के अलावा उनके दोस्त और रिश्तेदार शामिल हैं. इस तरह के एल्बम हमें अपने जीवन में महान कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं, मेरे पिता की शमीम निकहत, प्रोफेसर शरब रुडोलवी आदि से दोस्ती साबित करती है कि मेरे पिता एक महान व्यक्ति हैं। बर्लिन मस्जिद के इमाम और लोकप्रिय कवि अमीर अजीज ने कहा कि आरिफनकवी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के संबंध में न केवल जर्मनी में बल्कि उन सभी देशों में जाना और पहचाना जाता है जहां उर्दू बोली जाती है। मैंने आरिफनकवी की कई किताबें पढ़ी हैं। उनका व्यक्तित्व सार्वभौमिक है. आरिफ नकवी जिस देश का दौरा करते हैं, वहां की ताकत और कमजोरियां अपने साथ लेकर आते हैं। आरिफनकवी ने यूरोपी कला के प्रभाव को स्वीकार किया है। सामग्री उस जीवन से ली गई है जिससे वह गुजर रहा है, लेकिन कहीं भी उसने पाठक के लिए अपरिचित माहौल नहीं बनाया है। यह उनकी विशेष उपलब्धि है। शेख रियाज ने कहा कि मैं उर्दू विश्व साहित्य के विद्वान आरिफनकवी को लगभग तीस वर्षों से जानता हूं। भारतीय दूतावास में एक समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया और उन्होंने बर्लिन में कैरम खेल की शुरुआत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. नवदीप सिद्धू ने कहा कि भारत की आजादी के समय हजारों लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। ऐसी विकट परिस्थितियों में लोगों की इंसानियत पर असर पड़ा और ऐसे ही महत्वपूर्ण लोगों में आरिफ नकवी भी शामिल हैं जो इंसानियत से भरपूर हैं, आरिफनकवी ने अपनी साहित्यिक सेवाओं से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है। प्रोफेसर सगीर इफ्राहीम ने कहा कि जब हम एल्बम को अंग्रेजी पक्ष से देखते हैं, तो पूरी दुनिया को प्यार का संदेश मिलता है और जब हम इसे उर्दू पक्ष से देखते हैं, तो हमें मानवता का संदेश मिलता है। ऐसा लगता है कि इस एल्बम में एक संपूर्ण इतिहास और संस्कृति को शामिल किया गया है, संगीत के प्रति जुनून, प्रगतिशील आंदोलन के प्रति प्रतिबद्धता और फिल्म जगत के लोगों के साथ दोस्ती। इससे पता चलता है कि आरिफनकवी विश्व स्तर पर कितने लोकप्रिय हैं। यह बात एल्बम में आरिफ नकवी के माता-पिता, उनके दोस्तों, फिल्मी सितारों और राजनीतिक नेताओं की तस्वीर से साबित होती है। इस अवसर पर डॉ. शादाब अलीम, डॉ. अलका वशिष्ठ, मुहम्मद शमशाद, श्रुति राज तथा अनेक छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

### मेडिकल कालेज प्रशासन जानकर भी अनजान

# महामाया मेडिकल कालेज सद्दरपुर में गंदगी की भरमार





यूरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर।महामाया मेडिकल कालेज सद्दरपुर जहां मरीज इलाज करवाने के लिए दूर दराज से आते हैं जिससे उनको बेहतर इलाज मिल सके जहां डाक्टर लोगों को तमाम इन्फेक्शन के बारे में बताते हैं इन्फेक्शन से बीमारी फैलती है वही एक्सरा अल्ट्रासाउंड के बगल बना टॉयलेट बाथरूम गन्दगी से भरा पड़ा है जिसकी कोई सुध नहीं ले रहा है वहा तमाम मरीज एक्सरा और अल्ट्रासाउंड उन्हे क्या पता हमारे बीच गन्दगी भरी पड़ी हुई है

वही तमाम कुर्सियां जहां मरीज तीमारदार बैठ सके कुर्सियों की हालत ठीक नहीं है जिससे तीमारदार जमीन पर ही बैठते हैं मेडीकल कालेज प्रशासन से अगर कोइ अपना बात करना चाहता है तो कार्यवाहक प्राचार्य किसी की सुनने को तैयार नहीं जिससे लगता है मेडिकल कालेज में

आव्यवस्था के चलते मरीजों तीमार दारो को को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है

### बचत भवन में की गई कांवड कंट्रोल रूम की स्थापना, 24 घंटे रहेगा क्रियाशील

#### कांवड यात्रा के संबंध में शिकायत या समस्या दूरभाष पर कराये दर्ज- राजपाल सिंह

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) नोडल अधिकारीध्कांवड कंट्रोल रूम जिला मेरठ राजपाल सिंह ने बताया कि कांवड मेला-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद मेरठ के कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम दिनांक 22 जुलाई 2024 से 02 अगस्त 2024 कांवड मेला समाप्ति तक 24 घंटे क्रियाशील रहेगा।

यदि कांवड यात्रा के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी शिकायत या समस्या है तो वह कांवड कंट्रोल रूम बचत भवन कलेक्ट्रेट मेरठ में स्थापित दूरभाष संख्या 0121-2664134 एवं 0121-2667080 पर दर्ज करा सकता है।

### अवैध संबंधों के शक में सऊदी अरब में बैठकर दी पत्नी की सुपारी दो शूटर गिरफ्तार

## महिला के ऊपर हुए जानलेवा हमले का पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा पुलिस ने आरोपी पति को सऊदी अरब से वापस लाने के लिए शुरू करी रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। गंगानगर क्षेत्र में महिला के ऊपर हुए जानलेवा हमले की वारदात का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल सऊदी अरब में रह रहे एक शख्स ने अवैध संबंधों के शक में अपनी ही पत्नी के कत्ल की सुपारी दे डाली थी। जिसके बाद भाड़े के शूटरों होने दिनदहाड़े सरेआम महिला पर गोलियां बरसा दी थी। इसके बाद जब महिला नहीं मरी तो उस पर बलकटी से हमला किया गया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद पति की करतूत का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मेरठ पुलिस भी पति की करतूत देखकर हैरत में है। और अब सऊदी अरब से उसे वापस लाने के लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी कर रही है। पुलिस लाइन में हुई प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि इस मामले में दो आरोपी राहुल और निशांत को गिरफ्तार किया गया है।बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर के गांव के रहने वाला प्रवीन सऊदी अरब में ड्राइवर की नौकरी करता है। उसकी पत्नी प्रियंका अपने बच्चों के साथ मेरठ के गंगानगर थाना क्षेत्र के इशापुरम में रहती है। प्रवीण को अपनी पत्नी प्रियंका के चाल चलन पर शक था। जिस कारण से इन दोनों में अक्सर लड़ाई झगड़ा रहता था। फोन पर भी अक्सर लड़ाई झगड़े होते थे। इसी साल मार्च में जब प्रवीण सऊदी अरब से भारत आया था तो उसने तभी अपनी पत्नी की हत्या करने की योजना बनाई और तय किया कि इस हत्याकांड को तब तक अंजाम नहीं दिया जाएगा जब तक वह सऊदी अरब नहीं चला जाता। ताकि पुलिस को लगे कि लूट के रेट से हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। इस काम के लिए प्रवीण ने अपने रिश्ते के भांजे राहुल को तैयार किया क्योंकि प्रवीण ने पहले काफी बार राहुल की समय-समय पर आर्थिक मदद की थी। जिस कारण एहसान के चलते हुए इस काम के लिए तैयार हो गया। इस घटना को अंजाम देने के लिए राहुल ने अपने एक साथी फैक्ट्री में काम करने वाले निशांत को भी अपने साथ लिया। जिसको ?20000 देना तय किया दोनों ने घटना करने के लिए ?10000 की एक मोटरसाइकिल भी खरीदी। हत्या करने के लिए दो तमंचे 315 बर वह कारतूस भी खरीदे गए। इंटरनेट कॉलिंग के माध्यम से लगातार सऊदी अरब में बैठे प्रवीण से दिशा निर्देश मिलते रहे। इस पूरी घटना के लिए जितना भी पैसा खर्च किया गया उसकी व्यवस्था सऊदी अरब में बैठे प्रवीण ने की। पुलिस ने खुलासा करते हुए राहुल और निशांत को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से दो तमंचे और कारतूस और एक बलकटी बरामद हुई है। पुलिस अब प्रवीण पर भी शिकंजा कसने में लगी है। बता दें कि बीती 21 जुलाई को मेरठ में सुबह अपने बेटे के साथ मोटरसाइकिल पर जा रही गंगानगर की रहने वाली प्रियंका पर जानलेवा हमला हुआ। जिसमें जब वह सुबह करीब 9रू00 बजे के आसपास अपने बेटे के साथ मोटरसाइकिल पर पुरकाजी जाने वाले रास्ते पर जा रही थी। तभी उसको दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने ओवरटेक किया और उसको रोकने की कोशिश की और उसे पर गोली चलाई। महिला पर धारदार हथियार से हमला भी किया गया। जिसमें वो घायल हो गई। हमलावर वहां से फरार हो गए। घायल महिला प्रियंका को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी जान बच गई थी।

### एसपी ट्रैफिक ने कावड़ मार्ग पर ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को बांटे रेनकोट व टॉर्च



युरेशिया संवाददाता

मेरठ।कांवड़ यात्रा के दौरान बरसात होने के बावजूद चप्पे चप्पे पर पुलिस की कड़ी निगरानी है। हर बार की तरह इस बार भी कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए जिले के आला अधिकारी भी दिन रात कांवड़ मार्गो का निरीक्षण कर कांवड़ यात्रा के लिए की जा रही तैयारीयों की समीक्षा कर पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। बरसात के चलते सड़कों पर तैनात पुलिस कर्मियों को एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र कुमार मिश्रा ने पुलिसकर्मियों को इलेक्ट्रानिक टार्च और रेनकोटस का वितरण किया। एसपी ट्रैफिक के द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को करीब 250 टॉर्च और 2 हजार रेनकोट्स बांटे गए। एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र कुमार मिश्रा ने का कहना है कि बरसात में पुलिसकर्मी भीगते हुए ड्यूटी करते हैं। एसे में उनकी सुरक्षा को देखते हुए रेनकोटस बांटे गए हैं। बता दें कि एसपी ट्रैफिक के द्वारा पुलिस कर्मियों को रेनकोट के अलावा जो टॉर्च दी गई हैं, उनमें इलेक्ट्रिक और चार्जेबल टॉर्च हैं। कुछ टॉर्च में बैटरी इनबिल्ट है। कुछ टॉर्च ऐसी हैं जिन्हें चार्ज करना पड़ेगा। इनके साथ चार्जर भी प्रदान दिए गए हैं। ताकि कावड़ यात्रा के चलते रात के अंधेरे में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को कोई परेशानी ना हो और प्रकाश व्यवस्था उचित रहे।

# रशीदिया पर्यावरण संरक्षण अभियान का हुआ शुभारंभ

युरेशिया संवाददाता




मेरठ।सिवालखास में रशीदिया हैल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के द्वारा रशीदिया पर्यावरण संरक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ट्रस्ट के सचिव व सिवालखास के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर समाजसेवी शादाब खान ने मास्टर अलाउद्दीन, इमरान के साथ संयुक्त रुप से जामुन का पौधा लगा कर अभियान का शुभारंभ किया। सिवालखास के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर शादाब खान ने बताया कि रशीदिया पर्यावरण संरक्षण अभियान के प्रथम चरण में सिवालखास में विभिन्न स्थानों पर 101 पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि धरती को बचाने का एकमात्र साधन पेड़ लगाना ही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक जलवायु परिवर्तन को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाने चाहिएं जिससे पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पर्यावरण बचाने के लिए सभी से ष्एक पेड़ मां के नामष् लगाने का आह्वान किया है। इसी प्रेरणा से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह भावनात्मक आंदोलन है और इसको सामाजिक आंदोलन बनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर सुबहान, नौशाद, इकराम आदि उपस्थित रहे।

पोस्टर
पैम्पलेट
फ्लैक्स बैनर
फ्लैक्स बोर्ड
स्टेशनरी
पुस्तकें
सुन्दर एवं कलात्मक मुद्रण
युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस
रंगीन व ब्लैक एण्ड व्हाइट छपाई का एकमात्र स्थान
Email: ureshiyapress@gmail.com
9410231400
7533833844
7533833855
0121-4324497
सूरजकुण्ड रोड (बाबा मनोहर नाथ मंदिर के सामने) मेरठ

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)